स्वदेश TODAY digital
रांची, सोमवार
29.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 118, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

नामांकन से पहले कल्पना सोरेन ने सास-ससुर का लिया आशीर्वाद

▶▶ 3



@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

NEWS IN Gallery

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ़्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ 29 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी। पिछले सप्ताह आप सुप्रीमो की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति खन्ना की अगुवाई वाली पीठ को बताया था कि केजरीवाल की याचिका छह मई को सुनवाई के लिए लगाई हुई है। जवाब में जस्टिस खन्ना ने वरिष्ठ वकील से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए एक ईमेल भेजने को कहा था। इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय हुई।

### ट्रक-टैम्पो की टक्कर में चार की मौत, 10 घायल

**मुंबई :** यवतमाल जिले में रालेगांव-यवतमाल रोड पर वाटखेड़ के पास रविवार दोपहर में एक टैम्पो और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों में दो बच्चे भी हैं। इस घटना में 10 लोग घायल हो गये हैं, जिनका इलाज यवतमाल के जिला अस्पताल में हो रहा है। पुलिस के अनुसार, यवतमाल जिले के लोग रालेगांव तहसील में स्थित खैरी गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गये थे। यह सभी लोग दोपहर को टैम्पो से अपने गांव लौट रहे थे। रालेगांव के वाटखेड गांव के पास अचानक तेज रफ्तार ट्रक टैम्पो से टकरा गया। इस दुर्घटना में मौके पर चार लोगों की मौत हो गयी और 10 लोग घायल हो गये।

### उन्नाव में सड़क हादसा छह की मौत, 22 घायल

**उन्नाव :** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर के पास रविवार दोपहर यात्रियों से भरी निजी बस की ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गयी और कम से कम 22 लोग घायल हो गये। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला के मुताबिक, हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और चार पुरुष हैं। इस हादसे में 20 से 22 लोग घायल हैं। नौ लोगों को उन्नाव जिला चिकित्सालय भेजा गया है तथा इतने ही लोगों को कानपुर नगर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर निशाना, बोले -


# आजादी के दूसरे ही दिन राम मंदिर बनाने का करना चाहिए था फैसला

एजेंसी

**बेंगलुरु :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि देश के आजाद होने के दूसरे दिन ही प्रभु राम का मंदिर बनाने का निर्णय होना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसे लेकर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर सवाल उठाये।

उन्होंने कहा - कांग्रेस ने राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा दिया, लेकिन अंसारी परिवार ने पीढ़ी दर पीढ़ी इस बात के लिए कोर्ट में लड़ाई की, लेकिन जिस दिन कोर्ट का फैसला आया उन्होंने कहा कि हमारे लिये कोर्ट का फैसला सर्वोपरि है और अंसारी ने मुसलमान होने के बाद भी राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान इसमें शिरकत की, ये फर्क होता है।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले – विकास और विरासत चाहता है देश



**प्रधानमंत्री** ने रैली के दौरान कहा कि ये देश विकास भी चाहता है विरासत भी चाहता है। हमारे पूर्वजों ने अयोध्या में प्रभु राम के लिए 500 साल तक लड़ाई लड़ी, लाखों लोग मौत के घाट उतार दिये गये। देश आजाद होने के दूसरे दिन ही प्रभु राम का मंदिर बनाने का निर्णय होना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। ऐसा काम करने के लिए 56 इंच का सीना लगता है तब जाकर 500 साल का सपना पूरा होता है।

### कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

**पीएम** मोदी ने कहा कि बीजेपी सरकार ने आयुर्वेद को लेकर प्रचार प्रसार किया है। हमने आयुष मंत्रालय बनाया है। हमारी सरकार में मछुआरों के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले हमारे देश के अखबारों की हेडलाइन होती थी, धमाके की खबरें आती है। 2014 के बाद देश में बम फटने की खबर कम हो गयी।

### मोदी बोले – ये नया हिन्दुस्तान है

**प्रधानमंत्री** ने कहा - बेंगलुरु में इनके आते ही कैफे में ब्लास्ट हुआ और ये कहते हैं कि गैस का सिलेंडर फटा है। वायनाड में पीएफआई के समर्थन के एक वोट के लिए किया गया। कांग्रेस ने वोट के लिए पीएफआई जैसे संगठनों की मदद ली है। एक जमाना था कि पड़ोस से आये दिन आतंकी एक्सपोर्ट होते थे, लेकिन अब सर्जिकल स्ट्राइक होती है। ये नया हिन्दुस्तान है, ये घर में घुसकर मारेगा।

राहुल गांधी ने ओडिशा में फूंका चुनावी बिगुल, कहा –

# मोदी अरबपतियों के लिए और पटनायक चुनिंदा लोगों के लिए चलाते हैं सरकार

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के सालेपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर जोरदार हमले के साथ कांग्रेस पार्टी के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। श्री गांधी ने भीषण गर्मी का सामना करते हुए जाजपुर, केंद्रपाड़ा कटक और आसपास के अन्य स्थानों से एक चुनावी सभा में पहुंचे लोगों को संबोधित किया। चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि यद्यपि बीजद और भाजपा एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे थे, लेकिन वास्तव में, वे एक साथ काम कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि इसे साझेदारी कहें या शादी, बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं।

गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि हालांकि वह मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। पीएम के स्पष्ट संदर्भ में गांधी ने कहा - अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को पैन दिया है, जिसका अर्थ है पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी, नवीन पटनायक। उन्होंने आपकी संपत्ति लूट ली है। उन्होंने कहा कि खनन घोटाले के माध्यम से 9 लाख करोड़ रुपये लूटे गये। भूमि पर कब्जा करके 20 हजार करोड़ रुपये लूटे गये। वृक्षारोपण घोटाला 15 हजार करोड़ का था। जैसे ही यहां और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि इसी तरह, तेलंगाना में बीआरएस



भाजपा के साथ काम करती थी और उनकी पार्टी ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया।

राहुल गांधी ने कहा - जबकि नवीन-बाबू ने आपको पांडियन दिया है, मैं आपको बताऊंगा कि कांग्रेस आपको क्या देगी। अगर हम केंद्र में सत्ता में आये, तो हम पांच क्रांतिकारी काम करेंगे। हम सभी गरीब परिवारों और एक महिला की सूची बनायेंगे एक परिवार से चयन किया जायेगा और हम उसके बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये ट्रांसफर करेंगे, यानी 8,500 रुपये प्रति माह। उन्होंने कहा - हम एक योजना लायेंगे - 'पहली नौकरी पक्की'। डिग्री और डिप्लोमा वाले सभी बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षुता मिलेगी, हम आपको एक साल के लिए आपकी पहली नौकरी की गारंटी देंगे। गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस ओडिशा में सरकार बनाती है, तो वह महिलाओं को दो हजार रुपये प्रति माह, बेरोजगार युवाओं को तीन हजार रुपये प्रति माह, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली और 500 रुपये प्रति सिलेंडर पर एलपीजी प्रदान करेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को करेंगे संबोधित

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज चतरा में जनसभा को करेंगे संबोधित

**भाजपा** के स्टार प्रचारक एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह चतरा



लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में तीन बजे अपराह्न भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी रविवार को लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने दी। रांची पहुंचकर यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे अपराह्न चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हंटरगंज के खूंटी केवाल मैदान में एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे।

लोकसभा चुनाव के बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत की दो टूक

# हमेशा आरक्षण के पक्ष में आरएसएस

- भागवत बोले - कुछ लोग फेक वीडियो प्रसारित कर फैला रहे झूठ

एजेंसी

**हैदराबाद :** देश में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों में 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं और पांच चरण अभी बाकी हैं। पहले भी कई पार्टियों के नेता बीजेपी और आरएएस पर आरोप लगाते रहे हैं कि वे आरक्षण खत्म कर देंगे। इन सब के बीच अब चुनावी समय में आरक्षण को लेकर एक वीडियो सर्कुलेट हो रहा है, जिस पर मोहन भागवत ने सफाई दी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने लोकसभा चुनावों के बीच आरक्षण पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि



संघ परिवार ने कुछ समूहों को आरक्षण देने का कभी विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक दिया जाना चाहिए जब तक कि इसकी जरूरत है। उन्होंने कहा - संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है, लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बाद भागवत ने यह टिप्पणी की है।

मोहन भागवत ने कहा कि आरक्षण और संघ को लेकर फेक वीडियो फैलाया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि इस बारे में हम बाहर नहीं बोल सकते हैं। यह सब पूरी तरह से झूठ है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि भेदभाव समाज में व्याप्त है, भले ही यह दिखाई नहीं देता हो।

# गांडेय विस उपचुनाव : कल्पना सोरेन आज करेंगी नामांकन



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** गांडेय विधानसभा उपचुनाव की सीट के लिए सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बंसत सोरेन, बेबी देवी, राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार, मथुरा महतो, माले विधायक विनोद सिंह, प्रदेश कांग्रेस के राजेश ठाकुर सहित अन्य आईएनडीआईए गठबंधन के बड़े नेता मौजूद रहेंगे। झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को बताया कि कल्पना सोरेन के नामांकन दाखिल किये जाने के बाद पेपरवाटाड़ मैदान में चुनावी सभा होगी। चुनावी सभा को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सहित अन्य नेता संबोधित करेंगे।

# पूर्वी भारत के 80 मार्गों पर रोज चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

- रेल मंत्रालय ने करीब साढ़े चार सौ अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का दिया ऑर्डर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे अगले तीन साल के भीतर राजधानी दिल्ली से बिहार समेत पूर्वी भारत के करीब 80 मार्गों पर प्रतिदिन कम से कम एक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन करने लगेगी जिससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेजगति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी और अन्य गाड़ियों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी। रेलवे



बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रेल मंत्रालय ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रयोग की सफलता को देखते हुए करीब साढ़े चार सौ अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का ऑर्डर दे दिया है और तीन से चार साल में ये गाड़ियां पटरियों पर दौड़ती नजर आयेंगीं।

सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा मौजूदा एलएचबी रैक वाली गाड़ियों को भी धीरे-धीरे अमृत भारत ट्रेन सेट की डिजायन में ढाला जायेगा। सेमी परमानेंट कपलर और दोनों ओर इंजन लगा कर इसकी दक्षता को बढ़ाया जायेगा। बजट में तीन हजार ट्रेनों को अमृत भारत तकनीक से आधुनिकीकृत करने की बात कही गयी है। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन 22 गैर वातानुकूलित डिब्बों (11 सामान्य अनारक्षित तथा 11 स्लीपर श्रेणी कोचों वाला एक एलएचबी पुश पुल ट्रेन सेट है। बेहतर त्वरण के लिए इस ट्रेन के दोनों छोर पर 6000 अश्वशक्ति वाले दो लोको लगाये गये हैं। यह रेल यात्रियों के लिए सुंदर और आकर्षक डिजाइन वाली सीटें, बेहतर सामान रैक, उपयुक्त मोबाइल होल्डर के साथ मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एलईडी लाइट, सीसीटीवी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली जैसी बेहतर सुविधाएं प्रदान करता है।

### संदेशखाली ममता बनर्जी की निर्ममता का सबूत : नड्डा

**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के लिए मतदान से पहले रविवार को बंगाल पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर जमकर हमला बोला। मुर्शिदाबाद में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि यहां पिस्तौल और बमों का राज चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा राज्य में 35 सीटें जीतेगी। नड्डा ने एक बार फिर संदेशखाली के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरा। जेपी नड्डा ने कहा कि संदेशखाली, ममता बनर्जी की निर्ममता और बर्बरता का संदेश चीख-चीख कर दे रहा है।

साझेदारी | सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान व लैंड फोर्सज कमांड का किया दौरा

# प्रथम विश्व युद्ध में शहीद भारतीय जवानों को दी श्रद्धांजलि

- सीडीएस के दौरे से भारत-फ्रांस के लंबे समय से चले आ रहे संबंध और हुए मजबूत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान चार दिवसीय फ्रांस का दौरा करके भारत लौट आये हैं। उनके इस दौरे ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की है। साथ ही दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत किया है। जनरल अनिल चौहान ने



फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान तथा लैंड फोर्सज कमांड का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने इकोल मिलिटेयर (मिलिट्री स्कूल) में सेना और संयुक्त स्टाफ कोर्स के सैन्य छात्र अधिकारियों को संबोधित किया। सीडीएस जनरल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया, जहां शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस की फ्रांसीसी सैन्य कैबिनेट के निदेशक पैट्रिक पैलौक्स, सैन्य कैबिनेट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विंसेंट जिराउड और उनके समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ड के साथ बातचीत ने सामान्य हितों और पारस्परिक सुरक्षा चिंताओं के क्षेत्रों पर विचारों के आदान-प्रदान को सक्षम बनाया।

### फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी हुई बातचीत

**यात्रा** के दौरान सीडीएस ने सैन्य उपकरणों और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय के जनरल प्रतिनिधि इमैनुएल चिवा से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सफ्रान समूह मुख्यालय, डसॉल्ट एविएशन और नौसेना समूह मुख्यालय सहित कुछ अन्य प्रतिष्ठित रक्षा उद्योग इकाईयों का दौरा किया। यात्रा के दौरान फ्रेंच लैंड फोर्सेज कमांड (सीएफटी), फ्रेंच स्पेस कमांड (सीडीई) और स्कूल ऑफ मिलिट्री स्टडीज (इकोले मिलिटेयर) में आदान-प्रदान ने सुरक्षा चुनौतियों पर भारत का दृष्टिकोण प्रदान करते हुए अंतरिक्ष आधुनिकीकरण में रक्षा सहयोग बढ़ाने के अवसर भी प्रदान किये।

चुनाव आयोग का आदेश –

# अपना कैंपेन सॉन्ग बदले 'आप'

- आयोग बोला - इससे न्यायपालिका की छवि हो रही खराब
- सॉन्ग में जेल में बंद केजरीवाल के साथ दिखायी गयी भीड़

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इलेक्शन कमीशन ने आम आदमी पार्टी (आप) को अपने इलेक्शन कैंपेन सॉन्ग में बदलाव करने को कहा है। चुनाव आयोग ने केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 और एउक गाइडलाइन्स का हवाला देते हुए आप को सॉन्ग में बदलाव करके




उसे दोबारा जमा करने को कहा है। सॉन्ग को चेक करने के बाद ही उसे सर्टिफिकेट दिया जायेगा। चुनाव आयोग ने कहा कि सॉन्ग की लाइन 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' के साथ आक्रोशित भीड़ नजर आ रही है। इस भीड़ के हाथ में जेल की सलाखों के पीछे अरविंद केजरीवाल की तस्वीर है। इस तरह के पिक्चराइजेशन से न्यायपालिका की छवि खराब होती है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने ये भी कहा कि जेल के जवाब में वोट वाली लाइन कई बार दोहराई गयी है, जो कि केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 के तहत प्रोग्राम एंड एडवर्टाइजिंग कोड की चुनाव आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन करता है।

NEWS IN Gallery

## ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**खूंटी :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान तथा निर्वाचन संबंधी जागरूकता जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सखी मंडल की दीदियों द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए खूंटी प्रखंड के ग्रामीण मतदाताओं को लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि एक एक वोट लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, आपका एक वोट अमूल्य है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950 सी विजील ऐप के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### शादी का दबाव बनाने पर शादीशुदा प्रेमी ने गर्लफ्रेंड की हत्या कर शव नदी में फेका

**दुमका :** जामा थाना क्षेत्र के मधुबन की रहने वाली महिला की हत्या उसके प्रेमी ने ही गला दबाकर की थी। हत्या कर शव को छुपाने के नियत से टेपरा नदी में उसका शव फेक दिया। करीब एक महीने पहले दोनों केरल से लौटे थे। केरल से लौटने के बाद प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंची तो पता चला कि प्रेमी पहले से शादीशुदा है। इसको लेकर घर में काफी विवाद हुआ था। वही प्रेमिका प्रेमी पर शादी का दवाब दे रही थी। इसके बाद उसे रास्ते से हटाने के लिये 24 अप्रैल को घर से बुलाया और गला दबाकर हत्या कर शव को नदी में फेक दिया। मामले का उद्भेदन करते हुए रविवार को एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने बताया कि पुलिस ने आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के बीच जान पहचान केरल में काम करने के दौरान हुआ था। इसके बाद दोनो में प्रेम प्रसंग चलने लगा। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के भालपहाड़ी निवासी प्रेमी बबलू मुर्मू के निशानदेही पर एक गमछी, एक ओढनी, एक लुंगी, मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 27 अप्रैल को ग्रामीणों ने जामा थाना प्रभारी को सूचना दी की कि जामा थाना क्षेत्र के मधुबन गांव स्थित टेपरा नदी में एक अज्ञात महिला का शव क्षत विक्षप्त अवस्था में मिली है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये फुलोझानो मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ने मुरहू में चलाया जनसंपर्क अभियान

# मोदी सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए किया है काम : अर्जुन मुंडा

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है। मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी ने जो काम किया, वह सबके सामने है। चाहे महिला हो, युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसी सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो। अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है, क्योंकि पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर देश का कोई प्रधानमंत्री आया। आज वीरों की धरती खूंटी का पूरे देश में नाम हो रहा है। जब हम 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाएंगे, उस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्न के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पहली बार आदिवासी समाज के लोगों को इतना सम्मान दिया जा रहा है और यह सब मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पा रहा है। मौके पर भाजपा मुरहू मंडल कें अध्यख राम बिहारी राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। खूंटी के गनालोया गांव की महिलाओं ने भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को 1100 रुपये और श्रीफल भेंटकर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी।

# रिपोर्ट कार्ड की जगह मंगलसूत्र पर वोट मांग रही है भाजपा : सतीश पाल मुंजरी

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी सतीश पाल मुंजरी ने कहा कि भाजपा अपनी रिपोर्ट कार्ड के जरिए वोट मांगने के बजाय मंगलसूत्र पर वोट मांग रही है। मुंजरी रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया कॉऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला और सुमेर सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दस साल की नरेंद्र मोदी का शासनकाल अन्याय का शासन रहा। दस साल में जिस तरह लोगों को उम्मीद थी और जिस तरह की घोषणाएं और गारंटी लेकर मोदी आये थे कि दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, किसानों की आय दुगुनी करेंगे ये सभी घोषणाएं झूठी और खोखली साबित हुई। उन्होंने कहा कि 45 साल में रोजगार की स्थिति सबसे बुरी रही है और इसे मोदी के ही मंत्री ने लोकसभा में स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि झारखंड ही नहीं पूरे देश के आदिवासी वर्षों से सरना कोड की मांग करते आ रहे हैं। राज्य की विधानसभा ने इसे पारित कर केंद्र के पास भेज दिया, लेकिन केंद्र सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। भाजपा कभी नहीं चाहती कि आदिवासियों का विकास हो। कांगेस नेताओं ने कहा कि रघुवर दास सरकार ने सीएनटी एक्ट में भी छेड़छाड़ कर आदिवासियों की जमीन लूटने की साजिश की थी, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण सरकार को बिल वापस लेना पड़ा था। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पांचवी अनूसची की मांग कर आदिवासियों को गैर कानूनी पत्थलगड़ी का आरोप लगाकर दस हजार से अधिक आदिवासियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया और कुछ लोगों को जेल भी भेज दिया गया। हमारी सरकार ने उन मुकदमों को वापस लेने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव में अपना गारंटी कार्ड लेकर आई है, जिसमें पाच गारंटी है हर शिक्षित युवा को एक लाख का मानदेय, कर्ज माफी, सामाजिक और आर्थिक समानता, हर साल गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपये और न्यूनतम मजदूरी चार सौ रुपये की गारंटी है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा केंद्र में जनजातीय मामलों और कृषि मंत्री होते हुए भी उन्होंने खूंटी संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

## विकास के लिए तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी : सुरेश जयसवाल



स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को खूंटी नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल के नेतृत्व में खूंटी टोली शक्ति केंद्र में जन संपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष और खूंटी विधानसभा के सह संयोजक संजय साहू, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य प्रियांक भगत, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष योगेंद्र नायक, खूंटी विधानसभा विस्तारक विवेक महापात्रा, भीम साहू, प्रशांत कुमार, सुरेंदर सिंह, कृष्णा लोहार, मनोज गोप, संगीता देवी, संगीता कच्छप, अनीता देवी और महिंद्र नायक ने लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर सुरेश जयसवाल और संजय साहू ने कहा कि आज शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा, जिसने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ न लिया हो। उन्होंने कहा कि देश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए हमें हार हाल में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

## भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन में सिल्ली विधानसभा से शामिल होंगे पांच हजार कार्यकर्ता

स्वदेश संवाददाता



**सिल्ली :** रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद संजय सेठ के नामांकन एवं जनसभा के लिए शनिवार को भाजपा सिल्ली विधानसभा स्तरीय तैयारी बैठक पतराहातू स्थित कार्यालय में संयोजक विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संजय सेठ 2 म?ई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे ।नामांकन के बाद मोराबादी मैदान में आयोजित जनसभा को केंद्रीय नेता,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य भाजपा नेता संबोधित करेंगे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि जनसभा ऐतिहासिक हो भारी भीड़ जूटे इसके लिए प्रयास करें। यह चुनाव देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है ।भाजपा के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पर को लेकर लग गए हैं। लोकसभा सह संयोजक रामाकांत महतो ने जनसभा में हर बूथ से कार्यकर्ता पहुंचे। इसके लिए मंडल कमेटी के सभी मोर्चा की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मंडल अध्यक्ष को निर्देश दिए। विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि नामांकन कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी। सिल्ली विधानसभा से 5000 भाजपा कार्यकर्ता सभा में शामिल होंगे। मौके पर विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज,प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय जायसवाल,चौधरी महतो,प्रताप कुशवाहा, सृष्टिधर प्रजापति, विनोद साहू, चित्तरंजन महतो, दिलेश्वर कोईरी, मनोज महतो, वीणा देवी,कोर कमिटी के सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक सुदेश महतो ने वैष्णवी बैंक्वट हॉल का किया उद्घाटन



स्वदेश संवाददाता

**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन स्टेशन रोड सिल्ली में संध्या करीब 7 बजे झारखंड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने वैष्णवी बैंक्वट हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दरमियान उपस्थित लोगों के बीच अपनी बातों को रखते हुए उन्होंने कहा की सिल्ली विधानसभा अब शहर के मुकाबले सभी सुख सुविधाओं में आगे बढ़ रहा है। ग्रामीणों को हर जरूरत अब पूरी हो रही है सिल्ली विधानसभा अब मिनी शहर के रूप में विकसित हो रहा है। आधुनिक समय में सिल्ली एक मॉडल के रूप में अग्रसर है। वही बैंक्विट हॉल के संचालक विनय साव एवं विजय साव ने बताया कि यह हाल सभी सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया है। लोग कोई भी कार्यक्रम कम खर्चे में संपादित कर सकते हैं। इसके निर्माण होने से आसपास के लोग काफी लाभान्वित होंगे तथा अब उन्हें शहर की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस मौके पर नीलम देवी, प्रीति साव, मनोज साव, संजय मंडल, नेपाल साव, बबलू साव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में आपातकालीन सुरक्षा से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

स्वदेश संवाददाता



**सिल्ली/मुरी :** डीएवी एमएएस पब्लिक स्कूल, सिल्ली में रविवार को आग लगने पर आपातकालीन सुरक्षा से संबंधित जानकारी अजय मिंज( आर्मी आफिसर), विजय और पीयूष कमार के द्वारा विस्तार पूर्वक दी गयी। विद्यालय के प्राचार्या बुबुन शरण,सभी शिक्षकगण एवं विद्यालय के कर्मचारियों ने प्रयोग के माध्यम से आग से हम किस तरह बचाव कर सकते हैं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे संबंधित बहुत सारी सुरक्षा से संबंधित चीजों की जानकारियां हासिल की। यदि हमारे आस-पडोस़ में इस तरह की छोटी -सी घटना घटती है तब हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी मदद कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण हम सभी के लिए बहुत कारगर साबित होगा। सभी अतिथियों को प्राचार्या महोदया के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने यशस्विनी सहाय का किया अभिनंदन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने इंडी गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का अभिनंदन किया। रानी कुमारी ने एचईसी आवासीय परिसर स्थित सहाय के आवासीय कार्यालय में शनिवार को उनसे मुलाकात की और उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त किया। मौके पर रानी कुमारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की रांची संसदीय सीट से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय पहले से ही झारखंड में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर मुखर रहीं हैं। महिला सशक्तीकरण, महिला उत्पीड़न, बाल श्रम की रोकथाम के लिए वह काम करती रही हैं। रांची संसदीय क्षेत्र की जनता उन्हें व्यापक जन समर्थन देकर अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी। उन्होंने कहा कि सहाय के पास विकास का विजन है। वह परिपक्व युवा सामाजिक कार्यकर्ता हैं। जनप्रतिनिधि चुने जाने पर जन समस्याओं के प्रति वह सक्रिय रूप से कार्य करेंगी।रानी कुमारी ने गठबंधन में शामिल सभी दलों के कार्यकताओं को सहाय की जीत सुनिश्चित कराने के प्रति तन-मन से जुड़ जाने की अपील की।

### आरोपित गिरफ्तार, लूट की बाइक बरामद

**रांची :** खलारी थाना पुलिस ने एक आरोपित फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूट का टीवीएस राइडर बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि अपराधियों ने खलारी के भेलवाटांड गांव के तीन मुहान मेन रोड के पास रमेश गझू और भरत कुमार की टीवीएस राइडर बाइक को लूट लिया था। इस संबंध में खलारी थाने में 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम ने लूटी गई बाइक को बरियातु के एदलहातु मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से बरामद किया। साथ ही फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित साथियों के साथ मिलकर अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

कार्यक्रम | नेतरहाट में झारखंड चैंबर के कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

# उद्योगों के लिए बैंको से ऋण लेने में होनेवाली कठिनाईयों पर चर्चा

स्वदेश संवाददाता




**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक नेतरहाट में संपन्न हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में रांची से 30 सदस्यों के अलावा गुमला, बंशीधर नगरउंटारी, गढ़वा, रामगढ़, गोड्डा जिले के चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल हुए। संथाल परगना क्षेत्र में उद्योगों के लिए भूमि की कमी से हो रही समस्या तथा साहेबगंज में खासमहल की समस्या पर बैठक में वार्ता हुई। राज्य के विभिन्न जिलों में लगातार लोड शेडिंग की बनी हुई समस्या के साथ ही उद्योगों को बैंको से ऋण लेने में होनेवाली कठिनाईयों से भी सदस्यों ने अवगत कराया। राज्यस्तर पर चैंबर की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से अपने प्रमंडलों में नियमित रूप से गतिविधियों का आयोजन करने की बात कही। साथ ही सदस्यता संख्या में वृद्धि के लिए कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान यह भी संज्ञान में लाया गया कि चुनाव ड्यूटी के कार्यों में संलग्नता के कारण गुमला में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखाएं प्रायः दोपहर में बंद कर दी जाती हैं, जिस कारण व्यापारियों को कठिनाई हो रही है। यदि चुनाव ड्यूटी है तब बैंक द्वारा एक-दो जिम्मेवार कर्मचारियों की बैंक में उपलब्धता रखनी चाहिए ताकि व्यापारियों का लेन-देन कार्य प्रभावित न हो। यह भी बताया गया कि यह समस्या छोटे-छोटे जिलों में अधिक है। व्यापारियों की वास्तविक समस्या को देखते हुए चैंबर अध्यक्ष ने इस मामले में डीजीएम से वार्ता के लिए आश्वस्त किया। रामगढ के गोला में औद्योगिक क्षेत्र की मांग पर भी उन्होंने जियाडा से वार्ता की बात कही। सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने चैंबर की गतिविधियों से अवगत कराते हुए राज्य के प्रत्येक जिलों में सदस्यता संख्या के विस्तार के प्रयासों में गति लाने के लिए जरूरी प्रयास के लिए मेंबर्स एक्सटेंशन कमिटी और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से करवाई का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने फेडरेशन की गतिविधियों में जिलों के व्यापारियों से सहभागी बनने की अपील की। गुमला शहर के होते विस्तार को देखते हुए व्यापारियों ने शहर में आगजनी जैसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए शहर में अग्निशामक वाहनों की संख्या बढाने की आवश्यकता बताते हुए सिक्कों की कमी से हो रही परेशानी से भी अवगत कराया, जिसपर सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। न्यूनतम मजदूरी दर में की गई अव्यवहारिक बढोत्तरी के विभागीय निर्णय पर सकारात्मक कार्रवाई के लिए जिले के व्यापारियों ने झारखण्ड चैंबर के प्रयासों की सराहना की। चैंबर अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा गठित कमिटी के माध्यम से झारखण्ड चैंबर द्वारा प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी दर को व्यवहारिक बनाने का हरसंभव प्रयास सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने जिले के व्यापारियों से भी अपने सुझाव चैंबर को प्रेषित करने का आग्रह किया। नेतरहाट में चैंबर के कार्यकारिणी समिति की बैठक को आयोजित कराने में चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया और रोहित पोद्दार ने मुख्य भूमिका निभाई।

## यामाहा ने मेगा माइलेज चैलेंज एक्टिविटी का किया आयोजन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** इंडिया यामाहा मोटर ने रांची में अपने चार अधिकृत डीलरशिप्स फ्रैंड मोटर्स शैल ऑटो व्हील्स एजेंसी प्रा. लि. , एसएस पावर बाइक और ऑटो विंग्स के साथ 'मेगा माइलेज चैलेंज एक्टिविटी' का आयोजन किया। मेगा माइलेज चैलेंज एक्टिविटी की चुनौती में यामाहा के 40 से ज्यादा ग्राहकों ने भाग लिया। जबकि लगभग 70 यार्कों ने उस दिन ब्राण्ड के द्वारा आयोजित, जुड़ाव बनाने वाली कई गतिविधियों में भाग लिया। माइलेज चैलेंज के पहले विजेता ताकिर अमल, दूसरे विजेता विकास कुमार, तीसरे विजेता मनीष कुमार, चौथे विजेता धनंजय कुमार और पांचवे विजेता गौतम कुमार बने। मेगा माइलेज चैलेंज एक्टिविटी के आयोजन का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच यामाहा हाइब्रिड स्कूटर्स, खासकर फैसिनो 125 फाई हाइब्रिड, की बेजोड़ इंधन क्षमता के बारे में जागरूकता फैलाना। मेगा माइलेज चैलेंज इवेंट की शुरूआत एक ब्रीफिंग सेशन से हुई। उसमें विशेषज्ञों ने राइडिंग की असरदार तकनीकों पर जानकारी दी और यात्रा का निर्धारित मार्ग बताया। ब्रीफिंग के बाद 30 किलोमीटर की राइड शुरू होने से पहले, भाग लेने वालों के स्कूटरों में ईंधन भरा गया। वे ड्राइविंग की विभिन्न स्थितियों से गुजरे, जैसे कि शहर का ट्रैफिक, कठिन क्षेत्र और खुली सड़कें। इस प्रकार उन्हें स्कूटरों के सस्पेंशन, मैनोवरेबिलिटी, ब्रेकिंग, एक्सीलरेशन और शुरूआती पिक-अप का हाथों-हाथ अनुभव मिला। राइड पूरी करने और वेन्यू पर लौटने के बाद स्कूटरों में दोबारा उतना ही ईंधन भरा गया। माइलेज की गणना के लिये ईंधन की खपत को रिकॉर्ड किया गया।भाग लेने वाले हर व्यक्ति को विशेष स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## NEWS IN Gallery

### प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार



रांची : ओरमांझी थाना पुलिस ने अपने ही पति की हत्या करने के मामले में पत्नी सहित तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सीता देवी, प्रेमी सनोज कुमार महतो और प्रेमनाथ महतो शामिल है। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और टांगी सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बताया कि ओरमांझी क्षेत्र के अंतर्गत 23 अप्रैल को दिन के करीब 10 बजे सपाही नदी के शमशान घाट में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान ओरमांझी स्थित डहु निवासी अशेश्वर महतो के रूप में की गई थी। मृतक की पत्नी सीता देवी के आवेदन पर ही पुलिस ने अशेश्वर महतो की खोजबीन शुरू की थी।

### बाबूलाल मरांडी आज सिंहभूम और खूंटी जनसभ को करेंगे संबोधित

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को सिंहभूम और खूंटी लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी सुबह 11 बजे सिंहभूम लोकसभा के राजनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। बाबूलाल मरांडी खूंटी लोकसभा के सिमडेगा जिला अंतर्गत बानो थाना के ईटभट्ठा बगीचा सोये में एक बजे अपराह्न आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### हरमू फल मंडी में लगी भीषण आग



रांची : अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू कॉलोनी स्थित हरमू फल में मंडी में रविवार की रात भीषण आग लग गई। आग लगने की घटना की घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि कई दुकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया है। मौके पर मौजूद फल दुकानदार और स्थानीय लोगों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। इसके बाद अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। बताया जा रहा है, की दुकान में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई, हालांकि आग लगने के पीछे का सही वजह सामने नहीं आ पाया है। इस आग लगने की घटना में कितने रुपए का नुकसान हुआ है, इसका सही आकलन के बाद ही पता चल पाएगा।

# राज सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रहा इंडी गठबंधन : आदित्य साहू

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार स्वार्थ के लिए कानून को ठेंगा दिखाकर हर काम कर रही है। साहू मीडिया सेंटर में रविवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन राज सत्ता एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सरकार की मंशा और नियत साफ नहीं है। इंडी गठबंधन की सरकार ने चुनाव में हेराफेरी के लिए बड़े पैमाने पर पैसे जमा कर रखे हैं। अलग से हेलिपैड बनाकर इसी से पैसा ले जाया और लाया जा रहा है। चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेराफेरी की आशंका है। उन्होंने कहा कि खेलगांव राज्य सरकार की संपत्ति है। चुनाव कार्य के लिए इसका कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, यह स्पष्ट करना चाहिए। किस आधार पर यहां से हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ और लैंड करने की अनुमति मिली, इसकी जानकारी देनी चाहिए। साहू ने कहा कि झामुमो को यह बताना चाहिए तो उसने कब एयरपोर्ट अथॉरिटी को हेलीकॉप्टर लैंड करने और टेक ऑफ करने के लिए जगह मांगी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जगह देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर पार्टी समय प्रबंधन को लेकर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार करती है। हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से टेक ऑफ करता है और लैंड भी होता है। आज तक अलग हेलिपैड कभी नहीं बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कानून को दरकिनार कर रांची के खेलगांव में अलग से हेलिपैड बना लिया है। वहीं से पार्टी के पदधारी हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ और लैंड करते हैं। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करने के दौरान सुरक्षा से गुजरना होता है। पूरी तरह चेकिंग की जाती है लेकिन जेएमएम ने अलग से जो हेलिपैड बनाया है, उसमें अपने चहेते पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। वे चेकिंग के दौरान सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। हेलीकॉप्टर से क्या ले जाया जा रहा है और क्या लाया जा रहा है, इसपर संदेह है। साहू ने कहा कि रांची के डीसी और एसडीओ की मिलीभगत से यह धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से एयरपोर्ट की दूरी मात्र पांच किलोमीटर है। खेलगांव से दूरी आठ से 10 किलोमीटर है। इसके बाद भी खेलगांव में अलग से हेलिपैड बनाना संदेह के घेरे में है। साथ ही कहा कि अधिकारियों को यह बात जान लेनी चाहिए कि सरकार आती-जाती है। किसी एक पक्ष में काम नहीं करें। गलत काम का अंजाम हमेशा बुरा होता है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने इस पर आपत्ति जताई है। चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग से भी शिकायत करेगी।

रांची डीसी ने नामांकन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की

# चुनाव को लेकर कार्मिक कोषांग के कार्यों का हुआ मॉक ड्रिल

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कार्मिक कोषांग के कार्यों का मॉक ड्रिल करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से क्रमवार जानकारी ली और उनको दिए उत्तरदायित्व के बारे में पूछा। साथ ही कई दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। चुनाव के दौरान समाहरणालय परिसर में अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगे। पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि समाहरणालय ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या- 202 निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या-312 से कार्यालय अवधि (सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे। निर्वाचन के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है, जहां नामांकन पत्र दाखिल होगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निवार्ची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी भी उपस्थित थे।

## तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** कांग्रेस के 'आ अब लौट चलें' अभियान के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने रविवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनकर सन्नी सिंकू और उनके साथियों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि सिंकू युवा और उजार्वान नेता हैं और उनके अच्छे राजनीतिक भविष्य की कामना करता हूं। इनके कांग्रेस में शामिल होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है और यह चुनाव एक ऐसे समय में हो रहा है, जहां से भारत का आगामी कई दशकों का भविष्य तय होगा। देश के प्रधानमंत्री लोगों को इलेक्ट्रोरल बॉण्ड घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाकर मुसलमान, मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं लेकिन हमें यह तय करना है कि देश का विकास छद्म राष्ट्रवादी करेंगे या देश हित में निर्णय निर्णय लेने वाले धर्मनिरपेक्ष वादी।

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के लिए छह टीमें पहुंचीं रांची

स्वदेश संवाददाता




**रांची :** मोरहाबादी का मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम एक बार फिर गुलजार होने वाला है। यहां 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी, जो नौ मई तक चलेगी। इस लीग में देशभर के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। मैच खेलने के लिए ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें रविवार को रांची पहुंची हैं। बहुप्रतीक्षित देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता के प्रथम चरण के मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में नौ मई तक आयोजित होने हैं। इस राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के आयोजन में अंडर-21 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को उचित मंच देना है। साथ ही देश के लिए अगली पंक्ति को तैयार करना है। प्रत्येक दिन चार मैच खेले जायेंगे। पहला मैच सुबह सात बजे से जबकि दूसरा मैच शाम चार बजे से, तीसरा मैच शाम छह बजे से और चौथा मैच रात आठ बजे से खेले जायेंगे। 30 अप्रैल, एक मई, चार मई, पांच मई, सात मई और नौ मई को मैच खेले जायेंगे। तीन मई, छह मई और आठ मई को विश्राम दिवस होगा। मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जायेगा। लीग का उद्घाटन 30 अप्रैल को होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान, विशिष्ट अतिथि राज्य के खेल सचिव और खेल निदेशक होंगे। लीग में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। मैच में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें शामिल होंगी।

## नामांकन से पहले कल्पना सोरेन ने सास-ससुर का लिया आशीर्वाद

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पूर्व उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ कल (सोमवार) नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी। उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

## राज्य से जुड़े अहम सवालों के जवाब दें पीएम मोदी : सुप्रियो भट्टाचार्य

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड की धरती पर स्वागत है लेकिन यहां हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र नहीं चलेगा। राज्य के अपने अहम सवाल हैं, जिनका आदिवासी-मूलवासी ग्रामीण मोदी से जवाब चाहते हैं। सुप्रियो रविवार को कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। भट्टाचार्य ने कहा कि आदिवासी अस्मिता से जुड़े सवालों, जिसमें सरना धर्म कोड प्रमुख है पर प्रधानमंत्री मोदी क्या विचार रखते हैं इसका जवाब उन्हें देना होगा। प्रधानमंत्री को यह बताना होगा कि क्या छत्तीसगढ़ हसदेवा जंगल में अडाणी के प्रवेश के बाद पौंडाहाट, सांरडा और कोल्हान में अडाणी का प्रवेश कराने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया। इसमें ग्राम सभा के पावर को शिथिल क्यों किया गया। भट्टाचार्य ने कहा कि क्या कोल्हान की धरती पर भी पूंजीपतियों को आर्म्ड फोर्स के साथ उतारा जाएगा और कोल्हान क्षेत्र में अडाणी या अन्य पूंजीपतियों को घुसाकर आदिवासी-मूलवासी और ग्रामीणों को उजाड़ा जाएगा। मोदी को बताना होगा कि कोल वेयरिंग एक्ट में क्यों संशोधन किया गया। इसमें सोशल इंफेक्ट और एनवायरमेंट इंपैक्ट पार्ट को क्यों हटाया गया। क्या उनकी मंशा झारखंड के माइनिंग क्षेत्र का डेमोग्राफी को बदलने की साजिश तो नहीं है। इस एक्ट से भी ग्राम सभा को शिथिल कर दिया गया है। भट्टाचार्य ने कहा कि 10 साल पहले तक एचईसी की स्थिति अच्छी थी। दस साल में ऐसा क्या हुआ कि एचईसी बर्बाद हो गया। एचईसी मनी रत्न इंडस्ट्रीज के रूप में जाना था। यह झारखंड ही नहीं पूरे एशिया की बड़ी कंपनी हुआ करती थी। इसे लेकर केंद्र सरकार का बड़ा प्लान क्या है। इसका

## बौद्धिक संपदा को समझें और संरक्षित करें : विमल किशोर

स्वदेश संवाददाता




**रांची :** झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर रविवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल किशोर ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। किशोर ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का उद्देश्य लोगों को पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे इस मूल्यवान संपदा को समझें और संरक्षित करें। वर्ष 2024 की थीम पर चर्चा करते हुए शिक्षा स्कूल के डीन, प्रोफेसर तपन कुमार बसंतिया ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे हम समझ सकते हैं कि बौद्धिक संपदा कैसे नवाचारिक और रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित करती है और एक साझा भविष्य के निर्माण में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा विभाग के ही अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों के जीवन में बौद्धिक संपदा की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

**विमोचन** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने किया किताब ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन, कहा-

# जनता चुनाव में उन्हें चुने जिसके पास विजन हो

स्वदेश संवाददाता




**रांची :** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बिहार की बीमारी की शुरूआत आजादी के बाद से शुरू हो चुकी थी। 70-80 के दशक में वहां जाति के आधार पर सांसद, विधायक और सरकारें बनने लगीं। 80 के दशक में देश-दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने बिहार को बीमारू राज्य कहना शुरू कर दिया। वर्ष 1957 में बेगूसराय से बूथ कैप्चरिंग की शुरूआत हो गई। हरिवंश रांची के ऑड्रे हाउस में रविवार को भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी किताब ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हरिवंश ने कहा कि उदारीकरण के बाद देश के कई राज्यों ने तकदीर बदली लेकिन बिहार न बदल सका। अब धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में विजनलेस लोगों को लाने पर यही हाल होगा। इसलिए जनता उन्हें ही चुने जिसके पास विजन हो। साथ ही कहा कि वर्ष 1990 से 2005 तक बिहार के पतन का दौर था। यह वो दौर था जब बिहार में राजनीतिक पतन, जातिवाद, हिंसा, नरसंहार चरम पर था। उस वक्त रात छोड़िये दिन के उजाले में भी कोई घर में महफूज नहीं था लेकिन किसी भी मुद्दे पर नैरेटिव तय करने वाली अंग्रेजी मीडिया ने बिहार के हालात को, बिहार के लोगों की पीड़ा को अंग्रेजी में बयां नहीं किया। हरिवंश ने किताब में बिहार के हालात को अंग्रेजी में बयां करने के लिए मृत्युंजय को बधाई दी। साथ ही कहा कि 90 के दशक के नरसंहारों को उन्होंने देखा है। उस वक्त दिन के उजाले में गांवों के घर बंद होते थे। औरतों की पीड़ा आप बयां नहीं कर सकते। हालत इतनी बुरी हो चुकी थी कि लोग घर छोड़कर पलायन कर रहे थे।

### बिहार के लोग धीरे-धीरे हो रहे जागरूक : अशोक भगत

पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि वे भी जेपी मूवमेंट के सिपाही रहे हैं। 90 के दशक में बिहार के हालात के गवाह रहे हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस को उन्होंने बिहार के शोषण और पीड़ा की डायरी बताया। उन्होंने कहा कि बिहार राजनीति, अपराध, वामपंथ समेत कई चीजों के प्रयोग की धरती रही है। उस दौर में जनता जागरूक नहीं हुआ करती थी। उन्हें राजनीति, राजनेताओं और देश-दुनिया से सरोकार नहीं रहता था। अब धीरे-धीरे परिवर्तन आया है। लोग जागरूक हो रहे हैं। अब तो स्थिति ये है कि किशोर और युवा पांच-पांच हजार रुपये में बूथ मैनेज करने के लिए तैयार हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस के लेखक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि 90 के दशक में कश्मीर की हालत को लेकर उन्होंने कई किताबें पढ़ीं लेकिन बिहार के हालात पर एक भी किताब उन्हें नहीं मिली, तब जाकर उन्होंने यह किताब लिखी।

### बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण हजारों लोगों ने किया पलायन : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड से बिहार अलग होने के पीछे राजनीतिक कारण है। संयुक्त बिहार में झारखंड खनिज और उद्योगों से भरा हुआ था लेकिन राजनीति में दक्षिण बिहार (झारखंड) के लोगों का प्रतिनिधित्व कम था। बिहार की राजनीति उत्तर बिहार में ही घूमती रहती थी। दक्षिण बिहार की खनिजों का दोहन होता था लेकिन विकास नहीं हो रहा था। ऐसे में अलग झारखंड राज्य की मांग तेज हुई। आंदोलन शुरू हुए और अलग राज्य बना। बाबूलाल ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि वहां कानून-व्यवस्था मजबूत हो। अमन-चैन होगा तभी निवेश होगा और प्रदेश संपन्न होगा लेकिन बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण संपन्न लोग अपना घर-बार छोड़कर पलायन कर गये।

## रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक मई से लागू होगी पार्किंग की नई व्यवस्था

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के वाहन पार्किंग एवं आवागमन में बढ़ती परेशानियों को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक मई से वाहन आवागमन एवं पार्किंग की व्यवस्था में बदलाव किया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्री टर्मिनल भवन के पास जाम को कम करने के लिए पुराने टर्मिनल बिल्डिंग के सामने 350 वाहनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थान आवंटित किया है। इस संबंध में एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में एयरपोर्ट पार्किंग शुल्क के लिए एक निर्धारित स्वचालित व्यवस्था लागू होगी। वहीं अनधिकृत वाहन पार्किंग को रोकने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित उपाय किया जायेगा। एक मई से प्रभावी होने वाले आवागमन एवं पार्किंग व्यवस्था में संशोधन किया गया है। एयरपोर्ट के अंदर जिस रास्ते से एंट्री होती है, उसका इस्तेमाल अब बाहर जाने के लिए होगा। वहीं जिस रास्ते से विमान यात्रियों के वाहन निकलते हैं, उससे अब विमान यात्रियों के वाहन प्रवेश करेंगे। एयरपोर्ट में प्रवेश से निकासी तक निजी वाहनों के लिए कुल निःशुल्क समय 10 मिनट होगा, जो पहले 8 मिनट निर्धारित था। टर्मिनल भवन के सामने पिकअप और ड्रॉप के लिए अधिकतम पांच मिनट का समय निर्धारित किया गया है तथा यह पांच मिनट भी निःशुल्क 10 मिनट का ही भाग होगा।

### इस प्रकार होगी पार्किंग शुल्क 10 से 30 मिनट के लिए

- ✔ कोच/बस/ ट्रक (पिकअप और ड्रॉप के लिए) : 170 रुपये
- ✔ ऑटो/ एसयूबी/ मिनी बस : 60 रुपये
- ✔ कॉर्मिशयल कार (जो एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा अधिकृत है) : 20 रुपये
- ✔ कॉर्मिशयल कार (जो एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा अधिकृत नहीं है) : 92 रुपये
- ✔ प्रीमियम कार पार्किंग : 75 रुपये
- ✔ निजी कार/एसयूबी : 30 रुपये
- ✔ टू व्हीलर : 10 रुपये

NEWS IN Gallery

## युवती के साथ दुष्कर्म कार्रवाई की मांग

**सिमरिया (चतरा) :** प्रखंड के कसारी निवासी अल्पसंख्यक समुदाय की एक युवती ने अपने ही समुदाय के युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है और सिमरिया थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अपने आवेदन में युवती ने कहा है कि लोहसिंगना गांव के युवक सलमान जो उसके पिता का रिश्तेदार है शादी का झांसा देकर उसके साथ लगभग दो वर्षों से जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था। इधर उससे जब भी शादी की बात कर रही हूं वह टाल मटोल का रवैया अपना रहा है। पिछले 27 अप्रैल की रात भी उसने मुझे फोन कर घर से बाहर बुलाया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। हो हल्ला मचाने के बाद मेरे परिवार के लोग आए और उसे पकड़ लिया। परिवार के बीच सुलह समझौते में शादी पर सहमति हुई किंतु फिर उसने इंकार कर दिया। और बात बढ़ने पर जान से मारने की धमकी दी है। युवक द्वारा झांसा देकर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से मैं आहत हूं। युवती ने थाना प्रभारी से जांच पड़ताल कर युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## लापता बच्चे को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरामद कर मां को सौंपा



**गुमला :** शहर के बड़ाइक मोहल्ला से शनिवार को गायब हुए बच्चे को पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया। गुमला थाना के एएसआई सगीर आलम ने रविवार को बताया कि शनिवार को बच्चे के लापता होने की जानकारी के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई। इसके बाद कबाड़ी रिक्सा वाले व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि मैंने सोचा यह बच्चा मेरे घर के समीप एक व्यक्ति का है । यही सोंच कर वह उसे अपने साथ ले जा रहा थे। इसी दौरान जशपुर रोड स्थित टेंपो स्टैंड के समीप हेसाग चेरो टोली गांव की कुछ महिलाएं खड़ी थी। इसमें से एक महिला बच्चे को पहचान लिया और उसे ऑटो में बैठाकर अपने साथ हेसाग चेरोटोली गांव ले गई। महिला ने सोचा कि बच्चा भटक गया होगा और उसे उसकी मां को सौंप दिया जाएगा। काफी रात हो जाने के कारण महिला बच्चे को अपने ही घर में रखी हुई थी। इधर पुलिस शहर के सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुटी रही। वहीं कैमरा में महिला की तस्वीर आई जो बच्चे को ऑटो में बैठकर ले जा रही थी। छानबीन के बाद पता चला कि वह महिला हेसाग चेरो टोली गांव की ही है, जहां बच्चे का नानी घर है। इसके बाद पुलिस रविवार की सुबह हेसाग चेरो टोली गांव पहुंची और बच्चे को सही सलामत बरामद किया। इसके बाद उसे थाना लाया गया । वहीं उसकी मां को भी थाना बुलाया गया, जहां बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया गया।

### जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक, दिये निर्देश

# त्रुटिरहित हो लोकसभा आम चुनाव : केडी कुंजन

स्वदेश संवाददाता

**लोहरदगा :** लोकसभा के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी केडी कुंजन रविवार को लोहरदगा जिला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां और जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक की। सामान्य प्रेक्षक ने बैठक में निर्देश दिया कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की विसंगति ना हो। अभ्यर्थियों को मतदाता सूची सौंपे जाने के पूर्व मतदाता सूची पूरी तरह जांच ली जानी चाहिए। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो, इस पर कड़ी निगरानी रहनी चाहिए। प्रत्याशियों-राजनीतिक दलों की रैलियों, सभा, जुलूस आदि में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और उनके खर्च पर कड़ी नजर हो। पदाधिकारी निर्वाचन कार्य में पूरी तरह निष्पक्ष रहें, जो कार्य और व्यवहार दोनों में नजर आनी चाहिए। सामान्य प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। जहां कमियां हैं उन्हें दूर कर लें। जिन मतदाताओं को दूर से आना है उनके लिए आवश्यक सुविधाएं दें। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित ना रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि नियंत्रण कक्ष व सी-विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का निवारण ससमय होता रहे। फ्लाइंग स्क्वायड और स्टैटिक टीमें आवश्यक कार्रवाई व जब्ती करती रहें। अन्य कानूनी कार्रवाइयां जो पूर्व में आयोग से निर्देशित हैं वे भी ससमय पूरी कर लें। सामान्य प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि मतदान के दिन आवश्यक रिपोर्टिंग ससमय की जाय। जिन मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है उन्हें ससमय व अच्छी तरह प्रशिक्षण दें। कोई भी अधूरा प्रशिक्षण ना ले। जो भी नये निर्देश आये हैं उनका प्रशिक्षण उन्हें अवश्य दिया जाय। मतदान कर्मी ससमय व सकुशल अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएं। निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराना है।






### उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की विस्तृत जानकारी सामान्य प्रेक्षक को दी। इसमें जिले में उपलब्ध ईवीएम-वीवीपैट की स्थिति, राज्य से प्राप्त निर्वाचन संबंधी सामग्रियों की स्थिति, मतदाता सूची में किये जा रहे कार्य की जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। किसी प्रकार की कमी होने पर उस बिंदु पर कार्य निरंतर किया जा रहा है। कानूनी कार्रवाइयां की गई हैं। उपायुक्त ने बैठक में बताया कि प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों के व्यय की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी भी गठित है। मतदान केंद्रों तक आने के लिए छोटे वाहन की व्यवस्था प्रखण्ड स्तर पर की गई है। सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध रहेगा, इसकी तैयारी कर ली गई है। स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने जिले में फरवरी से किये जा रहे स्वीप गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही दिव्यांग मतदाता, महिला मतदाता, वरिष्ठ मतदाता, शहरी मतदाता, भावी मतदाता के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 2 मई को चतरा लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे जयप्रकाश

**जनता की मांग और उनकी भावनाओं की सम्मान करते हुए मैंने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला लिया : जयप्रकाश**

स्वदेश संवाददाता



**चतरा :** 2 मई को चतरा लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करूंगा । बीजेपी को भेजा जाएगा इस्तीफा पत्र , लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने की स्वतंत्रता है, लोगों की मांग और उनकी भावनाओं की कदर करते हुए मैंने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला किया है । उक्त बातें चतरा विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता ने आज रंगीला होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहीं ।जयप्रकाश सिंह भोगता जिले के दोनों विधानसभा क्रमशः सिमरिया और चतरा के विधायक रह चुके हैं. वर्ष 2009 में वे तत्कालीन जेवीएम प्रत्याशी के रूप में सिमरिया के विधायक चुने गये. वह 2014 में बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर चतरा विधायक चुने गये थे । ये दोनों विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं । भोगता जाति को अब अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिल गया है। परिणामस्वरूप भोगता जाति का कोई भी उम्मीदवार चतरा और सिमरिया विधानसभा का फिलहाल चुनाव नहीं लड़ सकता है । जय प्रकाश सिंह भोगता ने कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला काफी सोच समझकर लिया गया फैसला है । चुनाव में जनता का फैसला सर्वमान्य है । मैं यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगा कि चतरा का सर्वांगीण और अधिकतम विकास हो । उन्होंने कहा कि जब मैं विधायक था तो शिक्षा , स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए काम किया । मैं सांसद बनकर अपना अधूरा सपना पूरा करूंगा । चतरा में विकास के लिए पहले से अधिक संसाधन उपलब्ध हैं. डीएमएफटी और राजस्व संग्रहण की राशि से चतरा लोकसभा क्षेत्र का सबसे अधिक और सर्वांगीण विकास किया जा सकता है. फिलहाल, जयप्रकाश सिंह भोगता ने बीजेपी से बगावत कर दी है, लेकिन विधिवत तौर पर उन्होंने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से खबर लिखे जाने तक इस्तीफा नहीं दिया है. आज की प्रेस वार्ता में जयप्रकाश सिंह भोगता के साथ बीजेपी, कांग्रेस, राजद और तत्कालीन जेवीएम के नामचीन नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## रंगदारी मांगने सहित अन्य तीन मामलों में चार गिरफ्तार

**दुमका :** ओम ट्रेवल्स के मालिक से रंगदारी मांगने सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग मामलों का उद्भेदन करते हुए दुमका पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने रविवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि दुमका शहर के न्यू बाबुपाडा निवासी ओम ट्रेवल्स के मालिक महेश कुमार नारनोलि को अज्ञात अपराधियों ने फोन कर रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी की रकम नहीं देने पर जान मारने की धमकी भी दी थी। मामले में नगर थाना पुलिस महेश कुमार नारनोली के लिखित शिकायत पर 12 अप्रैल को मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने 27 अप्रैल को जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुधानी, ठाढ़ी खसिया एवं जरमुंडी थाना क्षेत्र के डोमनाडीह गांव से कुल चार अपराधियों की गिरफ्तारी करने में सफल रही। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

## सेवा भारती के चिकित्सा शिविर में 42 लोगों ने करायी स्वास्थ्य की जांच



स्वदेश संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती के तत्वावधान में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस निशुल्क शिविर में 42 लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से परामर्श ली। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए सुबह-सुबह योग एवं व्यायाम कीजिए। साथ ही बिना कारण धूप में घर से बाहर ना निकलें और बच्चे-बुजुर्गों पर खास ध्यान दें। डॉ कुमुद ने कहा कि लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच अवश्य कराते रहना चाहिए। साथ ही कहा कि गर्मी में कच्चे आम के पानी का सेवन करने से लू लगने की संभावना कम रहती है।
इस मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महिला डेंटल सर्जन के साथ दुर्व्यवहार मामले में बड़ा बाबू नकी अहमद पर प्राथमिकी दर्ज

### मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक और बड़ा बाबू के बीच हुआ था विवाद

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में महिला डेंटल सर्जन डॉ जेनी सिंह के साथ दुर्व्यवहार करना बड़ा बाबू नकी अहमद को काफी महंगा पड़ गया। नकी अहमद के खिलाफ रविवार को मांडू थाने में प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। झासा के पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए भी काफी मशक्कत की। मांडू थाने में डॉक्टर जेनी सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में यह बताया गया है कि 18 अप्रैल को बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा डॉक्टर का हाथ मरोड़ा गया और उनसे मोबाइल छीनने की कोशिश की गई। डॉ जेनी सिंह ने पुलिस को दिए गए आवेदन में लिखा है कि नहीं नकी अहमद के द्वारा डॉक्टर अनुभा कुमारी, डॉ मनीषा कुमारी के साथ भी अभद्र व्यवहार और




बदतमीजी की जा चुकी है। नकी अहमद हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं और वे कई बार चिकित्सक को प्राथमिकी नहीं दर्ज करने के लिए धमकी भी दे चुके हैं। डॉक्टर जेनी ने पुलिस को यह भी बताया है कि वह अपनी 7 साल की बेटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रहती हैं। नकी अहमद के व्यवहार की वजह से उन्हें अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता भी अधिक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थापित अधिकतर कर्मचारी नकी अहमद के खिलाफ नहीं बोलते क्योंकि सभी उनसे डरते हैं।

**सिविल सर्जन की जांच रिपोर्ट के बाद गठित किया गया प्रपत्र "क"**

झासा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार ने बताया कि महिला दन्त चिकित्सक डॉ जेनी सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। जिसको लेकर पीड़ित महिला चिकित्सक के आवेदन पर त्वरित कारवाई करते हुए रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने तत्काल ही उस आरोपित लिपिक को निलंबित कर दिया था। सिविल सर्जन की जांच समिति की रिपोर्ट में लिपिक को दोषी पाया गया। उसके बाद उस लिपिक का प्रपत्र क के लिए फाइल राँची भेज दिया गया है।

## मानगो में चॉकलेट डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम में लगी आग, दो लाख रुपये का नुकसान



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के मानगो डिमना रोड स्थित एक चॉकलेट डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम में रविवार दोपहर आग लग गई। घटना के दिन रविवार की छुट्टी होने के कारण गोदाम बंद था। गोदाम से धुआं निकलता देख पास के एक मेडिकल दुकानदार ने डिस्ट्रीब्यूटर सूरज पोद्दार को फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना पाकर अग्निशमन विभाग का एक दमकल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाया। मौके पर पहुंचे डिस्ट्रीब्यूटर सूरज ने कहा कि घटना से थोड़ी देर पहले ही वे गोदाम बंद कर घर के लिए निकल गए थे। पड़ोसी दुकानदार ने फोन कर घटना की सूचना दी। सूरज ने कहा कि पास ही बिजली का ट्रांसफॉर्मर है। संभवतः शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली होगी, जिससे गोदाम में आग लगी गई होगी। उसने आग से लगभग दो लाख के नुकसान का अनुमान जताया।

## ग्रामीण कौशल योजना के तहत युवतियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत इटखोरी प्रखण्ड से जेआरपी कृति कुमारी के द्वारा जेएसएलपीएस के माध्यम से भेजा गया । चार बेरोजगार युवतियों को रांची सिलाई प्रशिक्षण के लिए भेजा गया । मालूम हो कि लोगों को कुशल-ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करके रोजगार दिलाने में मदद करता है जो लोगों को बेहतर रोजगार और कैरियर के विकास के दायरे को बढ़ाने में मदद करते हैं। लोगों द्वारा सीखे गए कुशल ट्रैनिंग प्रोगाम न केवल रोजगार हासिल करने के लिए हैं, बल्कि यह बिजनेस के अवसरों को भी अधिक बनाते हैं। इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में युवतियों को प्रशिक्षण के लिए रांची भेजा गया है । प्रशिक्षण केंद्र में जाने वाली नीतियों को 6 माह का कोर्स पूरा करना रहता है जिसमें ?1000 प्रतिमा सहायता राशि भी दिया जाता है । इसके अलावे निशुल्क प्रशिक्षण , प्रशिक्षण लेने वाली युवतियों को निशुल्क रहने खाने की व्यवस्था , प्रशिक्षण लेने वाली युवतियों को एक कम्प्यूटर व टैब , प्रशिक्षण के उपरांत निश्चित रोजगार , मुफ्त वर्दी व अन्य सुविधाएं दी जाती है ।

## देशभर में इंडी गठबंधन की एकता हुई है मजबूत : दीपांकर भट्टाचार्य



स्वदेश संवाददाता

**कोडरमा :** इंडी गठबंधन, कोडरमा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन झुमरीतिलैया शिव वाटिका में हुई। अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने जबकि संचालन माले नेता इब्राहिम अंसारी ने किया। सम्मेलन में भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टाचार्य,राजद नेता सह श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर, माले नेता राजकुमार यादव के अलावे कोडरमा लोकसभा के भाकपा-माले प्रत्याशी विनोद सिंह बतौर वक्ता मुख्य रूप से शामिल हुए। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि देश भर में इंडी गठबंधन की एकता उत्तर से दक्षिण-पूरब से पश्चिम तक मजबूत हुई है। कोडरमा में यह चुनाव देश को आगे बढ़ाने के लिए हो रहा है। मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोरोना के समय हवाई चप्पल पहनने वालो को गठबंधन सरकार ने हवाई जहाज से वापस लाया था। सरकार ने जल, जंगल जमीन के मुद्दे पर क्रांतिकारी कदम उठाई। हेमन्त सरकार की लोकप्रियता से भाजपा की केंद्र सरकार बौखला गयी। उम्मीदवार कॉमरेड विनोद सिंह ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा सत्ता में भाजपा रही है। पिछले 10 सालों से भाजपा केंद्र में सरकार चला रही है।लेकिन कोडरमा- गिरिडीह इलाके में सबसे ज्यादा पलायन हुआ। इन मजदूरों के लिए भाजपा ने कोई नीति तो नही बनाई, लेकिन पलायन करने के लिए ट्रेन रुकवाने का श्रेय जरूर ले रही। भाकपा माले के राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि भाजपा ने कोडरमा के ढिबरा,पत्थर व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। ढिबरा, पत्थर और क्रशर से लाखों लोगों का जीवन यापन चलता था। लेकिन भाजपा ने गरीबों के पेट पर लात मार व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री पद पर रहते हुए शिक्षा क्षेत्र की कोई उपलब्धि जनता को गिना नहीं पा रही। बड़कागांव के कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि कोडरमा के लोग बिजली-पानी के लिए भी परेशान है। कोडरमा का मान सम्मान ढिबरा पत्थर, क्रशर पर भाजपा की टेढ़ी नजर है। ढिबरा मजदूरों की हक की बात ना संसद में उठी, ना उनकी आवाज सड़क पर भाजपा ने उठाई। सम्मेलन को इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओ ने संबोधित किया।

खेलकूद

### चौथे झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हेलो किड्स स्कूल का जलवा

# नन्हें खिलाड़ियों ने दिखाया कमाल, जीते छह गोल्ड और चार सिल्वर

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के नन्हे खिलाड़ियों ने किक-बॉक्सिंग में ऐसा कमाल दिखाया कि 10 मेडल अपनी झोली में डाल लिए। रांची के खेलगांव स्थित ताना भगत इनडोर स्टेडियम में रविवार को झारखंड एमेटर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित फोर्थ झारखंड स्टेट किक-बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रामगढ़ के खिलाड़ियों का जलवा रहा। हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल के बच्चों ने मेडल जीतकर जिले का नाम रौशन किया। यहां के छह प्रतिभागियों ने गोल्ड मेडल जीता जबकि चार प्रतिभागियों ने सिल्वर मेडल जीता है। स्कूल की डायरेक्टर वर्षा अग्रवाल ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वालों में दृष्टि कुमारी, ईशान सिंह, युवराज बरेलिया, अवनी चौधरी, आर्या भारती और शिवाय सरावगी शामिल हैं। सिल्वर मेडल जीतने वालों में कुंज गुप्ता, अथर्व जैन, अयांश अग्रवाल और निवान कुमार शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में राज्यभर के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। झारखंड एमेटर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ने स्कूल की डायरेक्टर को भी सम्मानित किया है।



**बच्चों और अभिभावकों को दी बधाई**

हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल की डायरेक्टर वर्षा अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीत और हार मायने नहीं रखता। सबसे अधिक मायने रखता है, किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेना। बच्चों को स्कूल ने एक अवसर दिया था, जिसे बच्चों ने चुनौती के साथ स्वीकार किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने मेहनत और लगन से जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऐसे और कई अवसर लेकर बच्चों की झोली में डालेगा, ताकि वे दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर सकें।

NEWS IN Gallery

### उत्पाद विभाग ने 840 केजी जावा महुआ व 75 लीटर अवैध चुलाई शराब किया जब्त



**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर रविवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा थाना अंतर्गत जमुनिया नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 840 केजी जावा महुआ शराब एवं 755 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्तों हरिपद महतो एवं सुरेश महतो पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### जामताड़ा में चार साइबर ठग गिरफ्तार भेजे गये जेल



**जामताड़ा :** पुलिस ने जामताड़ा जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो आरोपितों की गिरफ्तारी करमाटांड़ थाना क्षेत्र से हुई है जबकि दो की गिरफ्तारी जामताड़ा थाना क्षेत्र से की गई है। सभी साइबर ठगों को फिशिंग करते हुए और रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी रविवार को साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। अशोक राम ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के कई स्थानों पर साइबर ठग एकजुट होकर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में टीम गठित की गई, जिसका नेतृत्व डीएसपी ने किया। टीम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान, इंस्पेक्टर मनोज तिर्की सहित आईआरबी झलवा के महिलाओं एवं पुलिस बल को शामिल करते हुए करमाटांड़ थाना क्षेत्र के बारादाहा एवं ऊपर भीठरा गांव में छापेमारी की गई, जहां से इरशाद अंसारी और अशरफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। जामताड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र में की गई छापेमारी में विमल एवं कमल को गिरफ्तार किया गया। साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित : के. रवि कुमार

स्वदेश संवाददाता



**गिरिडीह :** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र और गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर स्थित मतदान केन्द्र संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुतरिया, गांडेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 298, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, गाण्डेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 300 एवं पंचायत सचिवालय, जामजोरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 305 का निरीक्षण किया। रवि कुमार ने मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से बातचीत कर बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी), ऐबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत (एएसडी) सूची के अद्यतन किए जाने और वॉलेंटियर के चयन की जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान केन्द्र जागरुकता समूह के सदस्यों, वॉलेंटियर, रसोईया से बात कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में पूछताछ की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि वे मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। रवि कुमार ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर सेवाकार्य में लगाये गये हैं। नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए मतदान केन्द्र जागरुकता समूह बनाया गया है। उन्होंने सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहते हुए जिम्मेदारी के निर्वहन का निर्देश दिया। रवि कुमार ने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन आकर मतदान करने में अक्षम मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली और घर से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में पूछताछ की। इसके अलावा मतदान केन्द्र पर शौचालय, रैंप आदि न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गिरिडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते, निवार्ची पदाधिकारी 31 गांडेय गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के लोगों की भावनाओं का कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं किया : बाबूलाल मरांडी






● भाजपा के उम्मीदवार समीर उरांव को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की

स्वदेश संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के ठाकुर बाड़ी मंदिर मैदान में रविवार को भाजपा की चुनावी जनसभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने झारखंड के लोगों के भावनाओं का कभी सम्मान नहीं किया। ये हमेशा झारखंड के विरोधी रहे हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड गठन से पहले यहां न सड़कें थीं और ना ही कोई बुनियादी सुविधाएं। वर्तमान भाजपा ने पिछले दस वर्षों में जितना काम किया है उतना किसी ने नहीं किया। दस साल पहले गरीबों के घर न तो शौचालय, न रहने को पक्का मकान और न ही खाना बनाने के लिये गैस चूल्हा। मोदी सरकार ने ये सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई। साथ ही मुफ्त में अनाज देने कि भी गारंटी दी। प्रधानमंत्री ने पांच लाख का इलाज सुविधा भी लोगों को उपलब्ध कराया। लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात करते हुए मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड को समृद्ध बनाने की गारंटी ली है। पीएम कहते हैं कि समृद्ध झारखंड बनाएंगे। झारखंड सरकार को विकास का विरोधी बताते हुए कहा कि यहां की सरकार ने सिर्फ परिवार के लिये राजनीति करते हुए लूटने का काम किया है। हेमंत सोरेन स्वयं फंसे। क्योंकि, उन्होंने लुटेरों को संरक्षण दिया। कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र संयोजक मनोज सिंह, सह संयोजक शनि टोप्पो, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी कमलेश उरांव, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश अजजा मोर्चा महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, सधनु भगत, प्रदेश संगठन मंत्री सुनीता सिंह, पूर्व विधानसभा पार्षद प्रवीण सिंह आदि उपस्थित थे।

## गिरिडीह में मातृत्व राशि के नाम पर साइबर ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार



**गिरिडीह :** गर्भवती महिलाओं को पोषण सखी के जरिए मातृत्व राशि का लाभ दिलाने का लालच देकर ठगी करने और फर्जी बैंक अधिकारी बनकर ठगने वाले चार आरोपितों को गिरिडीह पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से एक बाइक के साथ 19 मोबाइल, 18 सिम कार्ड और एटीएम भी जब्त किया। गिरफ्तार चारों साइबर ठग गिरिडीह एवं देवघर जिले रहने वाले हैं। इनमे बेंगाबाद का मुकेश मंडल, देवघर के सारठ थाना इलाके के बाराटांड़ निवासी विष्णु कोल, देवघर के बुढ़ाई थाना इलाके के दारवे निवासी बिरेंदर मंडल और गिरिडीह के अहिल्यापुर थाना इलाके के चामलिती गांव निवासी बिकाश मंडल शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वे गर्भवती महिलाओं को कॉल करके उन्हें मातृत्व राशि का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी किया करते थे। कई बार बैंक अधिकारी बनकर भी लोगों को ठग चुके हैं।

## परिवार की राजनीति करने वाले हैं कांग्रेस के लोग : अमर बाउरी

स्वदेश संवाददाता




**बोकारो :** चास लोक सभा चुनाव 2024 में विभिन्न दल के लोग विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अपने समर्थन में वोट मांगने की अपील कर रहे हैं । इसी क्रम में एनडीए के धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो चास में कई जगहों पर कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी, मुख्य सचेतक बोकारो विधायक बिरंची नारायण साथ ही जिला अध्यक्ष जयदेव राय के साथ-साथ कई भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी के 20 सूत्री जिला कार्यवान समिति के सदस्य मनोज राय व इंटक के नेता कन्हैया पांडे सैकड़ो कार्यकर्ता कांग्रेस के हाथों को छोड़ भाजपा में शामिल होने का काम किया है। सभी को माला पहनकर एवं अंग वस्त्र देकर भाजपा के सदस्य दिलाई गई। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ढुल्लू महतो ने कहा कि आज सैकड़ो कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम किया है और वंशवाद को करारा जवाब दिया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस के लोगों ने जो देश के हित में कांग्रेस छोड़कर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम किया है वह स्वागत योग्य है। साथ ही कहा की देश को वंशवाद से मुक्त करने के लिए और मोदी जी का साथ देने के लिए सभी को धन्यवाद। साथ ही कहा कि मनोज राय के घर वापसी से भाजपा को बड़ी ताकत मिलेगी और चास सहित अगल-बगल के गांव में भी इसका असर होगा और भाजपा प्रत्याशी को एक-एक वोट मिलेगा। साथ ही कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी ने कहा कि 2024 का चुनाव एक तरफ देश को विकसित भारत के संकल्प के साथ 2047 में मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव है, दूसरा परिवारवाद के राजनीति के आखिरी चुनाव के रूप में यह देश की जनता इस बार मोदी के हाथों को मजबूत करने वाली है इसलिए जो भी वंशवाद परिवार की राजनीति करने वाले वो लोग कांग्रेस के लोग है। आज कांग्रेस में परिवारवाद की राजनीति का मैदान में है। प्रोफेसर आर डी उपाध्याय, देबू पाल, संजय प्रमाणिक, सरस्वती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## इंडी गठबंधन दिशाहीन, एनडीए के पास विकास को गति देने का संकल्प : सुदेश



स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस बार का आम चुनाव कई मायनों में अहम है। विकास को गति देने के साथ एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए एनडीए प्रतिबद्ध है जबकि नेतृत्व विहीन इंडी गठबंधन नकारात्मकता फैलाने में जुटा है। सुदेश कुमार महतो रविवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के नेतृत्व करने वाले को चुनने के लिए भी है। अब तक दो चरणों में हुए मतदान में जो संकेत मिल रहे हैं उससे जनता ने नरेन्द्र मोदी के संकल्प और मंत्र- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में एनडीए की बड़ी जीत के साथ यहां की जनाकांक्षाओं को पूरे करने के लिए हम सभी को मिलकर जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस की विदाई इसी लोकसभा चुनाव में तय हो जाएगी। आजसू ने गिरिडीह के विकास को लक्ष्य माना है और झामुमो-कांग्रेस वालों का काम है पहले अपना-अपना घर भरना। अब जनता इनके छलावे में आने वाली नहीं है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लखन लाल महतो ने कहा कि सुदेश महतो के विचार, सोच व आजसू पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और पार्टी के नीति-सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुचाएंगे।

### कोडरमा लोकसभा सीट से पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा का निर्दलीय चुनाव लड़ना तय

## इस बार लोग चाहते हैं बदलाव : जय प्रकाश वर्मा

स्वदेश संवाददाता



**कोडरमा :** लोकसभा चुनाव में कोडरमा लोकसभा सीट पर कद्दावर नेता जय प्रकाश वर्मा की एंट्री हो चुकी है। उन्होंने रविवार को इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने की घोषणा कर दी। वे कुशवाहा समाज से आते हैं और उनके परिवार का वर्चस्व इस लोकसभा सीट पर रहा है। ऐसे में उनके उम्मीदवार बनने से इस सीट पर लड़ाई रोचक होनी तय है। वर्मा के पैतृक गांव भण्डारो में रविवार को उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं का महाजुटान हुआ। उन्होंने कार्यकताओं संग मंथन किया और लोकसभा चुनाव में हर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग रणनीति बनायी। समर्थकों और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि स्व. रीतलाल वर्मा और स्व. जगदीश कुशवाहा के बाद इलाके के लोग राजनीतिक शून्यता की स्थिति में हैं। वर्मा ने कहा कि भाजपा की वर्तमान सांसद के पास उपलब्धि के नाम पर कुछ नहीं है और लोग बदलाव चाहते हैं। ऐसे में वे जनता के नामित प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता जब जागती है तो बदलाव करके रहती है। इस बार कोडरमा में यही स्थिति होने वाली है। कार्यक्रम को कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम वर्मा के अलावा कांग्रेस नेता बासदेव वर्मा, भाजपा नेता देवेंद्र मेहता, कर्जा मुक्ति अभियान के प्रदेश संयोजक विशाल भदानी, झामुमो की ब्यूटी कुमारी सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया। संचालन सुरेंद्र कुशवाहा ने किया।

## नकली नोट के कारोबारी के घर एटीएस की छापेमारी, नोट गिनने की मशीन बरामद




**गिरिडीह :** झारखंड एटीएस की टीम ने फेक करेंसी को लेकर गिरिडीह में छापेमारी की। टीम ने रविवार को बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव में मो जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी की। छापेमारी में नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की गयीं। हालांकि, जफरुल भागने में सफल रहा। एटीएस को यह सूचना मिली थी कि बेंगाबाद के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर देर रात एटीएस की टीम वहां पहुंची। एटीएस ने गिरिडीह के एसपी से बात की। एटीएस ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जफरुल अंसारी के घर में रविवार को छापेमारी की। छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने की मशीन बरामद की गयी। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही जफरुल फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से भी है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में उसके साथी है। यहीं से यह नोट डबल करने के कारोबार से जुड़ा और लोगों को झांसे देकर नोट डबल करने लगा।

अभियान | मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग की ओर से नियमित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

# 25 मई को उत्साह के साथ करें मतदान, गढ़े नया आयाम : उपायुक्त

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग की ओर से नियमित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में वोट वाकाथान का आयोजन किया गया। वोट वाकाथान का शुभारंभ बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 05 स्थित पत्थरकट्टा चौक से हुआ, जो सेक्टर 02 स्थित राम मंदिर चौक जाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण, आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ/ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संघ के प्रतिनिधि, काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि जिस उत्साह के साथ सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, इसी उत्साह के साथ आगामी 25 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन सभी घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस को शत प्रतिशत मतदान कर बोकारोवासियों से नया आयाम गढ़ने का आह्वान किया। कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, जो पांच वर्षों में एक बार आता है। इस पर्व में शामिल होने में कोई चूक नहीं करनी है। स्वयं मतदान करें और अपने आस झ पास के दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने चुनाव का पर्व, देश का गर्व सलोग्न को बोला, जिसका सभी ने दोहराव किया। वहीं, आगामी 25 मई को मतदान करने के संदेश संबंधित गुब्बारा को आसमान में छोड़ा। मौके पर निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप सिंह ने कहा कि सभी को मतदान करना है। अगर किन्हीं के पास ईलेक्ट्रोल फोटो पहचान पत्र (ईपीक) नहीं है, तो भी वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों (पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड, सांसद/ विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी)) को प्रस्तुत कर मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न स्लोगन (छोड़ के अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, नहीं करेंगे यदि मतदान होगा बहुत बड़ा नुकसान, वोट डालने जाना है वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है आदि) बोल मतदान करने का संदेश दिया। उपस्थित सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया। कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।सभी ने उक्त बातों को दोहराया।

## कामडारा में जंगली हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त



**गुमला :** जिले के कामडारा प्रखंड के सरिता गड़हा टोली गांव में रविवार अहले सुबह करीब तीन बजे एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए सुरजू कोंगाड़ी और मगदली कोंगाड़ी के मकान को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया । सड़क के दूसरे भाग में स्थित यहां मात्र दो ही कच्चा खपड़ैल मकान स्थित है । दोनों मकानों को हाथी ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया । जिसके कारण घरों के अंदर रखे सभी घरेलू सामान व अनाज बर्बाद हो गया । अब दोनों पीड़ित परिवार वालों के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है । सरिता पंचायत में कुल 18 टोली है । सरिता व गोहराम के बीहड़ जंगल सारंडा को जोड़ता है और सरिता पंचायत के करीब सभी गांव - टोली जंगल से घिरे हैं । इसके कारण सालो भर इस इलाके में जंगली हाथियों का आना-जाना लगा रहता है । मकानों को क्षतिग्रस्त वाला हाथी अभी गोहराम जंगल में शरण ले रखा है। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र सुरीन ने हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए मामले से वन विभाग बसिया को अवगत कराया है।

संपादकीय

# भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला नहीं, धरोहर है



**अंतरराष्ट्रीय** नृत्य दिवस की शुरुआत 29 अप्रैल 1982 से हुई थी। यह खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। नृत्य दुनिया भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बतायी जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था। तभी से दुनिया भर में नृत्य की उत्पत्ति हुई। भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला ही नहीं, एक परंपरा, संस्कृति और धरोहर भी है। तभी भारत की तमाम रंगमंच संस्थाएं और नृत्य समितियां नृत्य दिवस को खास अंदाज से मनाती है। आज के दिन महान कलाकारों को सम्मान दिया जाता है और उनके योगदान पर विमर्श होता है।

भारतीय नृत्यों की बात करें तो दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का यह विशेष दिन यूनेस्को के अंतर्राष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतर्राष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की थीम नृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका थी।

भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गयी है। इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दर्शाना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। ये दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

नृत्य के चिकित्सीय लाभ भी बहुत हैं। डांस करने से फैट बहुत तेजी से घटता है। मात्र 30 मिनट के डांस में 150 कैलोरी तक फैट बर्न होता है। डांस से ब्रेन एक्टिव रहता है। चिकित्सक कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के मरीजों को डांस करना जरूरी बताते हैं। एक्सरसाइज से कहीं बेहतर डांस को बताया गया है। डांस से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। नियमित डांस से शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान जैसी समस्या भी छूतंमर होती है। डांस से भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य में बहुत तेजी से सुधार होता है। भारत का एक बड़ा वर्ग इस क्षेत्र से जुड़ा है। देशभर में हजारों की संख्या में डांस अकेडमी संचालित हैं। प्रत्येक स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में नृत्य के टीचर बच्चों को डांस का प्रशिक्षण देते हैं। राज्यों व केंद्र सरकार भी भरपूर संसाधन मुहैया कराते हैं।

अध्यात्म पथ

## इस मंदिर में पत्नी संग पूजे जाते हैं हनुमान जी, विवाह के बाद भी रहे बाल ब्रह्मचारी



**हनुमान** जी को कलयुग का देवता कहा जाता है, वहीं हम सभी ने हनुमान जी से संबंधित कई कथाओं के बारे में सुना है। बता दें कि हनुमान जी प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त थे और उनको बाल ब्रह्मचारी माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हनुमान जी का भी विवाह हुआ था। वहीं हनुमान जी और उनकी पत्नी सुवर्चला का एक मंदिर भी है। हालांकि, बेहद कम लोग हनुमान जी की पत्नी के बारे में जानते हैं। हनुमान जी और उनकी पत्नी का मंदिर तेलंगाना राज्य में है।

बता दें कि तेलंगाना में हनुमान जी का एकमात्र मंदिर है, जहां पर उनकी पत्नी सुवर्चला के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। यह मंदिर तेलंगाना के खम्मम जिले में स्थित है। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि जो भी भक्त हनुमान जी और उनकी पत्नी सुवर्चला के दर्शन करता है। उस व्यक्ति का वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है। पौराणिक कथा के मुताबिक, माता सुवर्चला सूर्यदेव की पुत्री है। इस मंदिर में हनुमान जी के साथ मां सुवर्चला की पूजा-अर्चना की जाती है। यह मंदिर कई सालों पुराना है। यहां पर हनुमान जी और उनकी पत्नी सुवर्चला की प्रतिमा प्राचीनकाल से स्थापित हैं।

पवनपुत्र हनुमान ने सूर्यदेव को अपना गुरु बनाया था। क्योंकि सूर्यदेव से हनुमानजी को 9 विद्या सीखनी थीं, जोकि सूर्यदेव जानते थे। ऐसे में सूर्यदेव ने हनुमानजी को पांच विद्याओं का ज्ञान दिया। इसके बाद बाकी की चार विद्याएं सिखाने के लिए हनुमान जी को विवाह करने के लिए कहा, क्योंकि बाकी की विद्याएं विवाहिता को ही दिया जा सकता था। सूर्यदेव की आज्ञा के बाद हनुमान जी ने शादी करने की ठानी, लेकिन इस दौरान उनको कोई कन्या नहीं मिली। तब सूर्यदेव ने अपनी परम तेजस्वी पुत्री सुवर्चला से करने का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद हनुमान जी की शादी सुवर्चला से हो गयी। मान्यता के अनुसार, सुवर्चला परम तेजस्वी कन्या थी। शादी के बाद वह तपस्या में मग्न हो गयी। फिर हनुमान जी ने बाकी चार विद्याओं का ज्ञान हासिल किया। इस तरह से हनुमान जी की शादी तो हुई, लेकिन उनका ब्रह्मचर्य कभी नहीं टूटा।

# जीवन में रामत्व...

> श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिये कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज, केवट, शबरी माता, जटायु, वानर सेना इसके उदाहरण हैं। उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम, भाईचारे का संदेश दिया। राम का व्यक्तित्व ऐसा था जहां प्रेम और विश्वास में भीलनी माता शबरी अपने राम के लिए चख कर मीठे बेर एकत्र करती थीं। इस आस में कि भक्ति और प्रेम के भूखे उनके राजा राम एक दिन उनकी कुटिया में अवश्य आयेंगे। राम प्रेम के जूठे बेर ग्रहण कर ऐसे नैतिकता के सुकृत संदेश प्रेषित करते हैं जो लोक चेतना में आज भी जीवंत होकर व्यक्ति को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देते हैं।

ऋचा सिंह

श्रीराम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजा-अर्चना करते हैं, लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं, वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किये। राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु सामान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं।

जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक आयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है। ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं, जो जन-जन के हृदय में बसते हैं। देखें तो राम ही त्योहार हैं, उल्लास हैं, उत्सव हैं, भक्ति हैं, शक्ति हैं, पूजा हैं, ज्ञान हैं, प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तंभ हैं। राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिये हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्त्तव्य का निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक है। गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक, पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीतिक, अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर समन्वित



आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय-समय पर देखने को मिलता है। राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है, जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राम का जीवन इतना अद्भुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार-बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता।

आज ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे, लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हे भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थित प्रज्ञ होकर कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया, उनके जीवन में यह विशेष और अनुकरणीय है। राम का जीवन हर मानव के हृदय में मन मस्तिष्क में इसलिए बसा हुआ है, क्योंकि उनकी कथाएं लोक में व्याप्त हैं। हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से, गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है। देखा जाये तो लोक संस्कृति के विभिन्न प्रकारों में रामायण प्रदर्शित होता है जिसमें अपनी भिन्न भिन्न परंपराएं, अपनी विशिष्ठ वेशभूषा, भाषा के साथ जनजीवन के कई आयाम देखने को मिलते हैं। जिससे जनमानस अपने आप को समृद्ध करता आया है। लोकमंगल की भावना में भी राम के जीवन की अनंत कहानियों द्वारा बच्चों में मूल्यों को रोपित करने की परम्परा चली आ रही है। राम केवल लोगों की भावनाओं में समाए हुए देव नहीं है जिनके प्रति सिर्फ आस्था रखकर पूजा किया जाये बल्कि राम सही मायने में उत्तम पुरुष हैं जो हमें जीवन जीना सिखाते हैं। हम देखें तो राम का जीवन ही ऐसा है जो जनमानस से रिश्ता जोड़कर रखता है।

श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिये कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज, केवट, शबरी माता, जटायु, वानर सेना इसके उदाहरण हैं। उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम, भाईचारे का संदेश दिया। राम का व्यक्तित्व ऐसा था जहां प्रेम और विश्वास में भीलनी माता शबरी अपने राम के लिए चख कर मीठे बेर एकत्र करती थीं। इस आस में कि भक्ति और प्रेम के भूखे उनके राजा राम एक दिन उनकी कुटिया में अवश्य आयेंगे। राम प्रेम के जूठे बेर ग्रहण कर ऐसे नैतिकता के सुकृत संदेश प्रेषित करते हैं जो लोक चेतना में आज भी जीवंत होकर व्यक्ति को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देते हैं। श्रीराम का जीवन सामाजिक चेतना, समृद्धि, सद्गुण और सहानुभूति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा स्रोत है। राम को पिता के वचन के लिए वैभवशाली जीवन त्याग करने में एक क्षण नहीं लगा। आज के युग में अपने छोटे से अधिकार को लोग त्यागना नहीं चाहते लेकिन राम ने समाज, परिवार में पुत्र और भाई के रूप में एक आदर्श प्रस्तुत किया। राज्य छोटे भाई को सौंप कर राम ने भरत से न ही कभी ईर्ष्या की ओर न ही द्वेष बल्कि हमेशा भरत के प्रति प्रेम रखा और उन्हें राज संभालने के लिए प्रेरणा देते रहे। राम का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनमें संपूर्ण प्राणियों के लिए स्नेह और सम्मान का भाव था। राम मनुष्य से ही नहीं पशु, पक्षियों और प्रकृति के प्रति भी स्नेह और लगाव रखते थे। कुछ प्रसंगों द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि माता सीता का हरण होने के बाद राम पशु-पक्षियों और प्रकृति से भी संवाद कर रहे हैं और माता सीता के बारे में पूछ रहे हैं। राम सेतु निर्माण में गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है। ऐसे अनगिनत प्रसंग हमें राम के जीवन से जुड़े हुए दिखाई और सुनाई पड़ते हैं जो समरसता, स्नेह और प्रेम के पर्याय हैं। बच्चों को राम के जीवन से, राम के आदर्शों से प्रेरणा दें जिससे वो भारतीय होने पर गर्व कर सकें। विश्व बंधुत्व का भाव रखकर अपने जीवन में रामत्व के मानवीय गुणों को धारण करें। रामत्व की प्राण-प्रतिष्ठा अपने मन रूपी मंदिर और जीवन में करें। साथ ही राम के जीवन मूल्यों को स्वयं के जीवन में जीकर प्रमाणित करें। यही श्री राम की सच्ची पूजा और यही जीवन में रामत्व के भाव की प्रामाणिकता होगी।

**– (लेखिका, बेसिक शिक्षा परिषद, उप्र में शिक्षिका हैं।)**

# जाति के इर्द–गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

> समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं, अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है।

अरुण कुमार दीक्षित

भारतीय राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि, अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे, लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाये। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गये। आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है। सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं। वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन-चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नहीं समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहां वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल मांगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है। देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाये जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं। जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है।

समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं, अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने। दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए। महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषतः प्रासंगिक हैं। लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो। गांधी ने अपनी पुस्तक सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा के अध्याय 12 के पेज नंबर 35 पर लिखा कि मेरे विलायत जाने की बात पर जाति में खलबली मच गयी। कहा कि अभी तक कोई मोढ़ बनिया विलायत नहीं गया। जातीय सभा बुलायी गयी। मुझे जाति सभा में बुलाया गया। कहा गया कि जाति का ख्याल है कि विलायत (विदेश) जाना ठीक नहीं। हमारे धर्म में समुद्र पार करने की मनाही है। गांधी ने कहा कि मैंने माताजी और भाई से अनुमति प्राप्त की है। सरपंच ने कहा तू जाति का हुक्म नहीं मानेगा। गांधी ने कहा जाति को दखल नहीं देनी चाहिए। सरपंच गुस्सा गये। सरपंच ने आदेश दिया कि यह लड़का गांधी आज से जाति च्युत माना जायेगा। महात्मा गांधी पर जाति के निर्णय थोपने के प्रयास हुए। गांधी को भी जाति के खांचे में रखने के प्रयास हुए। बाद में वे विदेश जा पाये। डॉ. आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। यह ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है। अंबेडकर ने सवाल उठाया कि हमारे देश को बार-बार आजादी क्यों खोनी पड़ी। क्यों हम इतनी बार विदेशियों के अधीन हुए। कारण यह था कि हमारा सारा देश हमले के खिलाफ खड़ा नहीं हो सका। हमेशा एक छोटे से वर्ग ने मुकाबला किया और यह पराजित हो गया तो सारा देश विजेता के कदमों पर झुक गया। यह मुख्यतः हिंदुओं की जाति प्रथा के कारण हुआ है। बाबा साहब अंबेडकर एक चिंतन (मधु लिमये) की पुस्तक पृष्ठ संख्या 31। स्वामी दयानंद ने जाति प्रथा की विकृति छुआछूत या अस्पृश्यता की प्रथा पर तीखा प्रहार किया। कहा कि यह प्रथा अनुचित और अमानवीय है, बल्कि यह वैदिक धर्म के विरुद्ध भी है। स्वामी दयानंद ने जिस राज्य व्यवस्था का समर्थन किया है, वह धर्म तंत्र नहीं है। वह कल्याणकारी राज्य है। इसमें धर्म और नैतिकता की रक्षा के साथ सार्वजनिक शिक्षा के प्रबंध आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सत्य पर आधारित राजनीति के प्रति गहरा लगाव मूल्यवान है। लोकमान्य तिलक ने अस्पृश्यता की अमानवीय प्रथा का विरोध किया। जात-पांत पर आधारित भेदभाव की निंदा की। वे भारत में सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप सच्चा समाज सुधार लाना चाहते थे। भारतीय समाज में परिवर्तन चाहते थे।

**– (लेखक हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

**RNI** (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार*, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# मिस्त्र के मकबरे की खुदाई करने वालों की चली जाती है जान!

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्त्र के राजाओं की घाटी में एक ऐसा मकबरा है जो कि रहस्यों से भरा हुआ है। यह मकबरा राजा तूतेनखामने का है जिसे टुट के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि राजा टुट की मौत के 3 हजार साल बाद तक इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। 100 साल पहले ही यह मकबरा नजर आया और इसके बाद इसकी खुदाई शुरू हुई। राजा टुट के साथ इतना खजाना दफन किया गया था कि इसे निकालने में ही 10 साल का वक्त लग गया। वहीं खुदाई करने वाले ज्यादातर वैज्ञानिकों की कुछ ही समय में गंभीर बीमारियों की वजह से मौत हो गई। कुछ की बीमारियों का तो पता भी नहीं चला। ऐसे में कहा जाता है कि इस मकबरे को राजा टुट का शाप है कि इसे हाथ लगाने वाले की जान चली जाएगी।



बता दें कि मिस्त्र के राजा को फेराओ कहा जाता था। 1922 में जो लोग खुदाई में शामिल थे उनमें से ज्यादातर की मौत रहस्यमय तरीके से हो गई। अब एक वैज्ञानिक ने दावा किया है कि उसने फेराओ के शाप के राज का पता लगा लिया है। रॉस फेलोज नाम के वैज्ञानिक ने जर्नल ऑफ साइंटिफिक एक्सप्लोरेशन में लिखा है, इस इलाके में यूरेनियम और जहरीले वेस्ट से रैडिएशन निकलता है जिसकी वजह से लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो जाती हैं और उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने दावा किया कि फेराओ टुट के मकबरे के पास रैडिएशन का स्तर बहुत ज्यादा है। ऐसे में कैंसर होने की संभावना बहुत ज्यादा रहती है। इसके संपर्क में आने वाले ज्यादातर लोगों को हड्डी, खून या फिर लिंफ का कैंसर हो गया। फेलोज ने अपनी स्टडी में कहा कि केवल मकबरे में ही रैडिएशन नहीं है बल्कि एजिप्ट के इस पूरे इलाके में ये चीजें हैं। उन्होंने कहा कि बहुत सारे अंडरग्राउंड मकबरों के पास रेडियोऐक्टिव गैस पाई गई है। उन्होंने कहा कि आधुनिक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि एजिप्ट में ममियों के पास से रैडिएशन निकलता है।

इसी में यह भी थ्योरी सामने आती है कि क्या उस समय के लोगों को भी इस तरह के रैडिएशन का बारे में पता था। इसीलिए वे ममी रखने के बाद उसके चारों तरफ मोटी और मजबूत दीवारें बनाते थे। फेलोज ने लिखा, पहले के लोग जाहते थे कि जो भी ये दीवार तोड़े उसकी मौत हो जाए और किसी डॉक्टर को भी पता ना चले की आखिर बीमारी क्या हुई थी। वहीं इन जगहों से संबंधित कई तरह के अंधविश्वास हैं। लोग कहते हैं कि यहां कई आत्माएं रहती हैं और वे लोगों को शाप दे देती हैं जिनकी वजह से लोगों की मौत हो जाती है।

1922 में इस मकबरे की खुदाई शुरू करने वाले लॉर्ड कार्नावन की मौत के बाद यह डर और बढ़ गया है। कार्नावान के खून में जहर पाया गया था। दावा किया गया था कि इस मकबरे में घुसने के छह सप्ताह बाद ही कार्नावन की मौत हो गई थी। वहीं कार्नावन के साथ इस तहखाने में घुसने वाले कार्टर की भी मौत गंभीर बीमारी की वजह से हो गई थी। 1934 में 54 साल की उम्र में कैंसर की वजह से उनकी मौत हुई थी। जब यह तहखाना खुला था तब वहां कुल 26 लोग मौजूद थे जिनमें से 20 की मौत बहुत जल्द हो गई। इसमें दिल का दौरान पड़ने, स्ट्रोक, निमोनिया, पॉइजनिंग और मलेरिया की वजह से लोगों की जान गई थी। कहा गया था कि कार्नावन की मौत मच्छर के काटने की वजह से हुई।

बताया गया कि जहां खुदाई हो रही थी वहां कार्नावन का कुत्ता मौजूद था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह कांपने लगा। इसके बाद वहीं पर उसकी मौत हो गई। बता दें कि इस मकबरे में सोने के जूते, सोने के कई अन्य सामना, मूर्तियां, रत्न और बहुत सारा खजाना पाया गया था। कई साल इस खजाने को बाहर निकालने में लग गए। बताया जाता है कि फेराओ टुट ने 1323 ईसा पूर्व के आसपास राजगद्दी संभाली थी। तब उसकी उम्र महज 9 या 10 साल की थी। इसके बाद 18 साल की उम्र में ही उसकी मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### समलैंगिक संबंधों पर इराक ने बनाया कानून, पकड़े जाने पर सख्त सजा, ट्रांसजेंडरों को भी जेल



**बगदाद, एजेंसी।** मुस्लिम बहुल राष्ट्र इराक की संसद ने शनिवार को समलैंगिक संबंधों को अपराध मानने वाला एक विधेयक पारित कर दिया। इसके तहत पकड़े जाने पर आरोपी को 15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। इराक के इस फैसले पर अमेरिका समेत कई मानवाधिकार समूहों ने निंदा की है। 1988 के वेश्यावृत्ति विरोधी कानून में संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर लोगों को तीन साल जेल की सजा सुनाई जाएगी। संसद सत्र के दौरान 329 में से 170 सांसदों ने भाग लिया था। बता दें कि इरान की संसद में पेश किए गए पिछले मसौदे में समलैंगिक संबंधों के लिए मौत की सजा का प्रस्ताव किया गया था। हालांकि इसे अत्यधिक खतरनाक बताते हुए खारिज कर दिया गया था। एएफपी द्वारा देखे गए दस्तावेज के अनुसार, नए संशोधन अदालतों को समलैंगिक संबंधों में शामिल लोगों को 10 से 15 साल की जेल की सजा हो सकती है। गौर हो कि इराक में पहले ही समलैंगिक और ट्रांसजेंडर लोगों को भेदभाव और हमलों का सामना करना पड़ता है। इराक में सेम सेक्स संबंधों को लेकर पास हुए नए कानून के तहत समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम सात साल की जेल की सजा मुकर्रर हुई है। जबकि, जानबूझकर महिलाओं की तरह व्यवहार करने वाले पुरुषों यानी ट्रांसजेंडरों को तीन साल की सजा मिलेगी। इराक के रूढ़िवादी समाज में समलैंगिकता वर्जित है। हालांकि यहां पहले ऐसा कोई कानून नहीं था जो समान-लिंग संबंधों पर सजा देता हो। इराक के एलजीबीटीक्यू समुदाय के सदस्यों पर पहले इराक के दंड संहिता में अनैतिकता और वेश्यावृत्ति विरोधी धाराओं के तहत मुकदमा चलाया जाता है। इस संबंध में संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ कानून का विरोध किया है। हालांकि उन्होंने कहा है कि यह उनका आंतरिक मामला है और हम इराकी मामलों में किसी भी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करते हैं।

### टिकटॉक स्टार ओम फहद की बगदाद में गोली मारकर हत्या, कैमरे में कैद हुई मर्डर की घटना



**बगदाद, एजेंसी।** इराकी टिकटॉक स्टार ओम फहद की पूर्वी बगदाद के जोयौना जिले में उनके घर के बाहर देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की इस घटना को कैमरे में रिकॉर्ड किया गया है। हमलावर एक मोटरसाइकिल पर काले कपड़े और हेलमेट पहनकर आया था। वह इस हत्या को अंजाम देने के लिए मोटरसाइकिल से उतरा और वहां पहले से खड़ी एक काली एसयूवी की ओर चला गया। उसने कार में बैठी ओम फहद को गोली मार दी। अल जजीरा ने बताया कि इस हत्याकांड की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। आपको बता दें कि ओम फहद का असली नाम गुफरान सावादी है। वह पॉप गानों पर डांस करते हुए टिकटॉक पर वीडियो बनाती है। यहां उसके 5 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। इससे पहले फरवरी 2023 में उसे एक अदालत द्वारा छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। अदालत ने माना था कि उनके वीडियो में अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया था। उनके कुछ वीडियो को दस लाख से अधिक बार देखा गया था। जनवरी 2023 में इराकी आंतरिक मंत्रालय द्वारा इराकी समाज में नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों की रक्षा का हवाला देते हुए ओम फहद जैसे प्रभावशाली लोगों के पोस्ट की जांच के लिए एक समिति का गठन किया था। अल जजीरा ने बताया कि एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी बनाया गया जहां इराकी यूजर ऐसे किसी भी पोस्ट की शिकायत कर सकते हैं। मंत्रालय की सख्ती के बाद कुछ सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों ने माफी मांगी और कुठ कंटेंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा दिया था।

### ईरान ने अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान, एजेंसी।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने हाल ही में अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा द्वारा कई ईरानी रक्षा-संबंधी व्यक्तियों और संस्थाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों की कड़ी निंदा की। इस महीने की शुरुआत में इजरायल के खिलाफ ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले की प्रतिक्रिया के रूप में, तीन देशों ने गुरुवार को कई ईरानी व्यक्तियों और कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाए, जो मुख्य रूप से देश के ड्रोन और मिसाइल उद्योगों को लक्षित कर रहे थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शनिवार को एक बयान में इसकी निंदा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नासिर कनानी ने यूरोपीय संसद द्वारा गुरुवार को अपनाए गए एक प्रस्ताव में ईरान के खिलाफ किए गए दावों की भी निंदा की और तेहरान के प्रति क्रूर दृष्टिकोण अपनाने में अमेरिका को फॉलो करने के लिए कुछ यूरोपीय देशों को दोषी ठहराया। ईरान क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के महत्वपूर्ण भागीदारों में से एक है।

## चीन ने पाकिस्तान के लिए लॉन्च कर दी ये खतरनाक पनडुब्बी, 8 को लेकर हुआ सौदा



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने अपने सदाबहार सहयोगी पाकिस्तान को अत्याधुनिक युद्धपोत उपलब्ध कराने के लिए आठ हैंगर श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली को लॉन्च कर दिया है। चीन ये 8 आधुनिक पनडुब्बियां पाकिस्तान के लिए ही बना रहा है। इस पनडुब्बी डील से चीन और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शुआंगलियु बेस पर वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआईजी) ने शुक्रवार को इन पनडुब्बियों के निर्माण कार्यक्रम की शुरुआत की। शुआंगलिउ बेस पर आयोजित लॉन्च समारोह में पाकिस्तान नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। बता दें कि चीन और पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों समझौता हुआ था जिसके तहत चीन इस्लामाबाद को आठ अत्याधुनिक एडवांस पनडुब्बियों को प्रदान करने पर सहमत हुआ था। कुल आठ पनडुब्बियों में से चार का निर्माण डब्ल्यूएसआईजी द्वारा किया जाना है, जबकि बाकी की चार पनडुब्बियों का निर्माण टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (टीओटी) समझौते के तहत केएस एंड ईडब्ल्यू (कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स) में किया जा रहा है। ये पनडुब्बियां अत्याधुनिक स्टील्थ तकनीक से लैस हैं, जिसमें आधुनिक हथियार, सेंसर्स लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एडवांस स्टील्थ फीचर्स वाली पनडुब्बियों को हर तरह के खतरे वाले वातावरण में ऑपरेट करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है।

## भारतीय युवक को लंदन में जेलः हत्या के प्रयास में 16 साल का कारावास

**लंदन, एजेंसी।** लंदन की एक अदालत ने एक भारतीय युवक को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई है। 25 वर्ष के श्रीराम अंबरला पर दो साल पहले एक भारतीय छात्रा की हत्या के प्रयास के आरोप हैं। पूर्वी लंदन में एक हैदराबादी रेस्तरां में महिला पर चाकू वार किया गया था। इसी आरोप में पुलिस ने अंबरला को गिरफ्तार किया था और गुरुवार को उसने ओल्ड बेली कोर्ट में अपना गुनाह कुबूल कर लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों युवक-युवती 2022 में पूर्वी लंदन विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने आए थे। यहां अंबरला उसका पीछा करने लगा। 2022 में हमले से पहले वह युवती को धमका रहा था। केरल की रहने वाली छात्रा रेस्तरां में वेट्रेस के रूप में काम करती थी। वह अपना स्नातकोत्तर पूरा कर चुकी है। दोनों पहले से एक दूसरे को जानते थे हालांकि, 2019 में दोनों अलग हो गए थे। न्यायाधीश फिलिप कॉट्ज ने मामले में अंबरला को ईर्ष्यालु बताया। फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने कहा कि युवती की मौत नहीं हुई, इसमें आपका कोई योगदान नहीं है। आपने तो उसे सार्वजनिक रूप से अपने हाथों से मारने का प्रयास किया ही था। अदालत ने पीड़िता से दोबारा संपर्क करने के लिए अंबरला पर प्रतिबंध लगा दिया है। अदालत को बताया गया कि अंबरला ने युवती पर हमला करने के बाद पुलिस अधिकारियों को सूचित किया कि उसने अपनी प्रेमिका को चाकू मार दिया है। बाद में उसने कहा कि वह भारत वापस जाना चाहता है।

# आखिरी मौका दे रहे हैं; हमास को नया ऑफर देकर इजरायल ने गाजा में बरसाए बम, कई मासूम मरे

**येरुशलम, एजेंसी।** गाजा पट्टी में इजरायल और हमास आतंकियों के बीच युद्ध को 200 दिन से ज्यादा वक्त हो गया लेकिन, अभी तक न हमास ने घुटने टेके हैं और न ही इजरायल ने हमले कम किए हैं। हालांकि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम की बातचीत भी चल रही है। शनिवार को हमास ने इजरायली बंधकों के नए वीडियो जारी कर इजरायल को फिर भड़काया। इजरायल ने हमास को युद्धविराम का ऑफर देते हुए इसे आखिरी मौका कहा है। इधर, इजरायल ने हमास को प्रस्ताव भेजा, उधर, मध्य और दक्षिणी गाजा में ताबड़तोड़ हमले किए। इजरायली बमवर्षा में 22 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकतर मासूम थे।



इजरायल द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर फिलिस्तीनी चरमपंथी समूह हमास का कहना है कि उसे गाजा में संभावित युद्धविराम के बारे में अपने नवीनतम प्रस्ताव पर इजरायल की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिल गई है और जवाब देने से पहले वह दस्तावेज का अध्ययन करेगा। गाजा के उप प्रमुख खलील अल-हया ने एक बयान में कहा, हमास को 13 अप्रैल को मिस्त्र और कतरी मध्यस्थों को प्रस्तुत प्रस्ताव पर जायोनी कब्जे की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिली है। गाजा पट्टी पर इजरायल-हमास के बीच छह महीने से अधिक के युद्ध के बाद, संघर्ष विराम लाने के लिए बातचीत पर अड़ंगा लगातार बना हुआ है। एक तरफ हमास अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है कि इजरायल के साथ किसी भी समझौते से फिलिस्तीनी क्षेत्र पर इजरायल के युद्ध का अंत होना चाहिए। उधर, इजरायल ने हमास के हर गुर्गे के खात्मे तक युद्ध न रोकने की बात कही है।

**इजरायल बोला- हमास के पास आखिरी मौका :** नाम न छापने की शर्त पर मध्यस्थता से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि इज़रायल के पास देने के लिए कोई नया प्रस्ताव नहीं है, हालांकि वह एक सीमित संघर्ष विराम पर विचार करने को तैयार है। इजरायल की शर्त है कि चर्चा से पहले हमास उसके 33 बंधकों को रिहा रहे। संयुक्त राज्य अमेरिका और 17 अन्य देशों ने हमास से युद्ध समाप्त करने के लिए सभी बंदियों को रिहा करने की अपील की है। वहीं, हमास ने कहा कि वह हमारे लोगों की जरूरतों और अधिकारों को ध्यान में रखने वाले किसी भी विचार या प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं।

## ईरान की कैद से जल्द होगी भारतीयों की रिहाई, बोला- ये हमारे लिए भी गंभीर चिंता का विषय

**तेहरान, एजेंसी।** ईरानी सरकार ने कहा कि पुर्तगाली ध्वज वाले कंटेनर जहाज एमएससी एरीज पर सवार चालक दल के सदस्यों को जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा। ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन ने पुर्तगाली समकक्ष पाउलो रंगेल को इस घटनाक्रम की जानकारी दी। भारत के लिहाज से ये खबर राहत देने वाली है। क्योंकि इसमें भारत के भी 16 नागरिक शामिल हैं। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर (आईआरजीसी) के विशेष नौसेना बलों ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास एमसीएस एरीज नाम के जहाज को कथित तौर पर इजराइल के साथ उसके तार जुड़े होने के मद्देनजर जब्त कर लिया था। सीएनएन-न्यूज18 के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन ने कहा, जहाज के चालक दल की स्वतंत्रता का मानवीय मुद्दा हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है। हमने तेहरान में इन लोगों के राजदूतों को कांसुलर पहुंच प्रदान की है। इसके अलावा, हमने उन्हें पूरी आजादी और ट्रांसफर का सुविधा दी है। हालांकि, ईरान ने उनकी रिलीज की



तारीखों की घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि 17 सदस्यीय भारतीय दल में से एक महिला सदस्य पहले ही घर लौट चुकी है। दो दिन भारत ने कहा था कि चालक दल में शामिल शेष 16 भारतीयों की वापसी में कुछ तकनीकी पहलू शामिल हैं। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरानी सरकार के 'संगठित प्रयासों' के बाद 13 अप्रैल को जब्त किए गए पोत 'एमएससी एरीज' के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एकमात्र महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को 18 अप्रैल को रिहा कर दिया गया था। यहां अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि 16 भारतीयों का स्वास्थ्य अच्छा है। भारतीय मिशन को ईरानी अधिकारियों द्वारा भारतीयों तक राजनयिक पहुंच प्रदान की गई है। जयसवाल ने कहा कि एमएससी एरीज पर अब भी 16 भारतीय सवार हैं।

## इंडोनेशिया के जकार्ता से 143 किलोमीटर दूर भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर मापी गई 6.2 तीव्रता

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से 143 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी पुष्टि की। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, जकार्ता और पास के बाडुंग में रात 9 बजकर 59 मिनट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। बाडुंग निवासी इमान कृष्णावन ने एएफपी को बताया, मैं अपनी पत्नी और बच्चों को घर से बाहर निकालने के लिए चिल्लाया। आमतौर पर भूकंप करीब पांच सेकंड रहता था, लेकिन इस बार 10-15 सेकंड तक था। द्वीप राष्ट्र इंडोनेशिया को रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। धरती के सबसे संवेदनशील हिस्सों में से होने के कारण यहां लगातार भूकंप आते रहते हैं। यह ऐसी जगह पर मौजूद है, जहां धरती की कई टेक्टोनिक प्लेट टकराती हैं। जनवरी 2021 में सुलावेसी द्वीप समहू में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया था। जिसने 100 से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी और हजारों लोग बेघर हो गए थे। इसी तरह 2018 में सुलावेसी के पालू में 7.5 तीव्रता का भूकंप आया था और उसके बाद सुनामी आई थी, जिसमें 2,200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इससे पहले 2004 में इंडोनेशिया के आचे प्रांत में 9.1 तीव्रता का भूकंप आया था और 1,70,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इससे पहले शनिवार की दोपहर जापान के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूएसजीएस ने बताया कि देश के बोनिन द्वीप समूह में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल 6.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र 503.2 किलोमीटर की गहराई में रहा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र द्वीपों के पश्चिमी तट पर, टोक्यो से लगभग 875 किमी दक्षिण में पाया गया। मध्य टोक्यो में भी हल्के झटके महसूस किये गये। खबरों के मुताबिक फिलहाल सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा। भूकंप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है।

## पाकिस्तान में देर रात घर लौट रहे जज का अपहरण, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को बुलाई पड़ी आपाकालीन बैठक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** आतंकवादियों के गढ़ पाकिस्तान में आम जनता कितनी सुरक्षित है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार देर अदालत की कार्यवाही से घर लौट रहे सीनियर जज का हथियारबंद बदमाशों ने अपहरण कर लिया। घटना के बाद से पुलिस भी सकते में हैं। मामला पाकिस्तान के सबसे अशांत प्रांत खैबर पख्चूनख्वा की बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जज की कार बरामद कर दी गई है, जज का ड्राइवर भी सुरक्षित है। उसे किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। किडनैपर्स जज को अपनी गाड़ी में ले गए। उधर, जज के अपहरण की खबर सुनने के बाद पेशावर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने इलाके में जजों की सुरक्षा को लेकर आपातकालीन बैठक भी बुलाई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी जज शकीरुल्लाह मारवात का अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल (डीआई) खान जिले के पास अपहरण कर लिया गया था। डीआई खान पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मोहम्मद अदनान ने कहा कि घटना बग्वाल नामक गांव में हुई। जज का अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से लौटकर डीआई खान के पास जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि जज के अपहरण की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए





पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के केंद्रीय सूचना सचिव फैसल करीम कुंडी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर को बुलाकर प्रांत में इस तरह की घटना को जघन्य करार दिया है। उन्होंने पूछा, (मुख्यमंत्री) को बताना चाहिए कि वह इलाके में शांति की स्थापना के बारे में गंभीर क्यों नहीं हैं और आतंकवादी खुलेआम क्यों हैं। कुंडी ने कहा कि जज के अपहरण की खबर से जनता में असुरक्षा की भावना पैदा हो गयी है। इस बीच, मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने अपहृत जज की सुरक्षित बरामदगी के लिए निर्देश जारी किये हैं> उन्होंने कहा कि मारवत की बरामदगी के लिए आपातकालीन उपाय किए जाने चाहिए और इस कार्य के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जाना चाहिए। गंडापुर ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि अपहरण में शामिल तत्व न्याय से बच नहीं सकते। उधर, पेशावर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति इश्तियाक इब्राहिम ने दो अन्य न्यायाधीशों के साथ प्रांत में वरिष्ठ न्यायाधीशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। बैठक में सूबे के अतिरिक्त मुख्य सचिव और पुलिस महानिरीक्षक अख्तर हयात खान गंडापुर शामिल हुए. सचिव गृह आबिद मजीद ने बैठक की जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुचित टिप्पणियां करने और राज्य की महिलाओं का अपमान करने वाले शहजादों के गिरोह को सबक सिखाएंगे : कंगना रनौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंडी उन कुछ सीटों में शामिल है जिसके मुकाबले पर पूरे देश की नजर है। कंगना रनौत और विक्रमादित्य सिंह के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों ओर से वार-पलटवार चल रहा है। भाजपा उम्मीदवार और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने शनिवार को विक्रमादित्य को जवाब दिया और कहा कि क्षेत्र के लोग अनुचित टिप्पणियां करने और राज्य की महिलाओं का अपमान करने वाले शहजादों के गिरोह को सबक सिखाएंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र के झाकरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना ने कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधा और उन्हें रामपुर का शहजादा कहा। उन्होंने बॉलीवुड से उनके जुड़ाव का सिंह द्वारा जिक्र करने पर आपत्ति भी जताई। कंगना का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा था, मैं भगवान राम से उन्हें सद्बुद्धि देने की प्रार्थना करता हूं और आशा करता हूं कि वह देवभूमि हिमाचल से शुद्ध होकर बॉलीवुड में वापस जाएंगी क्योंकि वह चुनाव नहीं जीत पाएंगी और इसकी वजह यह है कि वह हिमाचल के लोगों के बारे में कुछ नहीं जानती हैं। अपनी रैली में, कंगना ने कहा, अब वे कह रहे हैं कि मैं अशुद्ध हूं क्योंकि मैं फिल्म उद्योग में काम करने के बाद यहां आई हूं और मुझे पहले जाकर खुद को शुद्ध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें यह टिप्पणी अपमानजनक लगीं क्योंकि फिल्मों में काम करके ही उन्होंने अपने परिवार का साथ दिया, अपने भाई-बहनों को पढ़ाया-लिखाया, तेजाब हमले की शिकार बहन का इलाज कराया और राज्य का सिर ऊंचा किया। अभिनेत्री ने कहा कि क्षेत्र के लोग अनुचित टिप्पणियां करने और राज्य की महिलाओं का अपमान करने वाले 'शहजादों' के गिरोह को सबक सिखाएंगे।

### हम 2 प्रधानमंत्री बनाएं या 4, हमारी मर्जी : संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपक्ष वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि इस देश में 10 साल से एक तानाशाह राज कर रहा है, उससे अच्छा है कि देश में एक मिली-जुली सरकार बने। राउत ने कहा, हम 2 प्रधानमंत्री बनाएं या 4 यह हमारी मर्जी है लेकिन इस देश को तानाशाही की ओर हम नहीं जाने देंगे। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन 300 सीटें पार कर रही है। वहीं, पीएम मोदी ने कहा था कि 2024 का चुनाव विचारधारा की लड़ाई है, जिसमें एक तरफ एनडीए नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है। हम योजनाओं के शत प्रतिशत कार्यान्वयन में यकीन करते हैं। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो अपने परिवारों की रक्षा के लिए स्वार्थी उद्देश्यों से काम करता है। संजय राउत ने महायुति के नेता पर लोगों को वोट देने के लिए धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, सोलापुर में ऐसा किया गया है। अगर आपके पास पीएम मोदी हैं और आप जीत को लेकर इतने आश्वस्त हैं तो ये सब क्यों कर रहे हैं। राउत ने दावा किया कि बारामती और शिरूर में अजित पवार खुलेआम व्यवसायियों, व्यापारियों आदि को नोटिस भेज रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं। उन्हें अपनी पत्नी (सुनेत्रा पवार) के लिए काम करने की धमकी दी जा रही है। अगर ऐसा नहीं किया तो वे कह रहे हैं कि उन पर 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगेगा। आखिर लोकतांत्रिक देश में यह सब कैसे हो सकता है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत का यह बयान ऐसे समय सामने आया जब ईडी ने उनके सहयोगी की संपत्ति कुर्क की है। जांच एजेंसी ने कहा कि उसने मुंबई के पात्रा चॉल के पुनर्विकास में अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में राउत के करीबी प्रवीण राउत और अन्य की 73 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जमीन कुर्क की है। प्रवीण और अन्य लोगों की अचल संपत्तियां पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में व उसके आसपास स्थित हैं।



### फोन टैपिंग मामले में अशोक गहलोत की बढ़ सकती है मुश्किलें

**जयपुर, एजेंसी।** पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा के खुलासे के बाद राजस्थान में फोन टैपिंग मामला फिर गर्मा गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने सीएम भजनलाल को पत्र लिखकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। राजेंद्र राठौड़ ने पत्र में लिखा कि साल 2020 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा की ओर से दो दिन पहले फोन टैपिंग से जुड़े प्रकरण को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इससे स्पष्ट तौर पर प्रमाणित हो रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ मिलकर संविधान प्रदत्त अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और कानून और नियमों की धज्जियां उड़ाई। सरकारी एजेंसियों पर बेजा दबाव बनाकर अवैधानिक ढंग से जनप्रतिनिधियों के फोन टैप करवाए गए।

# 2014 और 2019 की तरह भाजपा की राह इस बार उतनी आसान नहीं - छगन भुजबल



**मुंबई, एजेंसी।** अजीत पवार गुट के कद्दावर नेता छगन भुजबल का कहना है कि 2014 और 2019 की तरह भाजपा की राह इस बार उतनी आसान नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी टूटी है, दोनों नेताओं के साथ लोगों की सहानुभूति है, जिसका फायदा उन्हें इस बार लोकसभा चुनाव में मिल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार एनडीए के लिए राह काफी मुश्किल है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्षमता पर लोगों को यकीन है और लोग चाहते हैं कि वे देश में फिर से मजबूत सरकार बनाएं। भुजबल ने नासिक सीट से अपनी दावेदारी वापस लेने पर कहा कि वह कभी अपने लिए किसी से सीट नहीं मांगते हैं। इसलिए जब उनका नाम तीन हफ्ते तक अनाउंस नहीं हुआ तो उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। एनसीपी के कद्दावर नेता छगन भुजबल, शरद पवार से अलग होने के दौरान अजीत पवार के साथ फ्रंटफुट पर थे। उन्होंने शनिवार को एनडीटीवी के साथ इंटरव्यू में कहा कि महाराष्ट्र में इस बार भाजपा गठबंधन के लिए उतनी आसान राह नहीं है, जो 2014 और 1019 के वक्त थी। वह इसलिए क्योंकि पिछले दो सालों में महाराष्ट्र की राजनीति में दिलचस्प घटनाक्रम हुए हैं। पहले 2022 में एकनाथ शिंदे ने उद्धव गुट से अलग होकर अपने पाले के नेताओं के साथ उद्धव की सरकार गिराई। फिर भाजपा गठबंधन के साथ महाराष्ट्र में सरकार बना ली। अगले साल ठीक ऐसा ही हुआ। शरद पवार की एनसीपी से अलग होकर अजीत पवार ने भी ऐसा ही किया, वो इस वक्त महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम हैं और महायुति गठबंधन के साथ सरकार में हैं।

**उद्धव और शरद पवार के साथ लोगों की सहानुभूति :** छगन भुदबल ने कहा, मेरा मानना है कि यह एक सिम्पैथी लहर हो सकती है। जिस तरह से उद्धव ठाकरे की शिवसेना विभाजित हो गई और एनसीपी के एक गुट ने पाला बदल लिया। ऐसा चुनावी रैलियों में भी दिख रहा है। पिछले दोनों लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में, भाजपा ने अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था और पार्टियों ने क्रमशः 23 और 18 सीटों में जीत हासिल की थी।

**नासिक सीट से दावेदारी क्यों छोड़ी? :** भुजबल ने कहा कि उन्होंने नासिक से टिकट नहीं मांगा था लेकिन होली के दौरान एनसीपी के अन्य नेताओं ने उन्हें बताया था कि वह नासिक से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, यह बात उन्हें दिल्ली में सहयोगियों के बीच देर रात हुई बैठक के बाद बताई गई, जहां प्रत्येक पार्टी के लिए एक-एक करके सीटों पर चर्चा की जा रही थी। बता दें कि महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट पर प्रत्याशी को लेकर सबसे ज्यादा बवाल देखा गया। क्योंकि भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी में सीट-बंटवारे को लेकर चल रही चर्चा के बीच भुजबल ने खुद ही ऐलान कर दिया था कि वे नासिक सीट से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। हालांकि इस सीट पर उम्मीदवार की घोषणा अभी होनी बाकी है और महायुति के बीच खींचतान चल रही है।

**मुझे अपने लिए टिकट मांगना पसंद नहीं :** भुजबल ने कहा कि शिंदे भी शिवसेना के लिए सीट चाहते थे और वह चुनाव लड़ने के लिए सहमत हुए क्योंकि नासिक उनका आधार है और वह और उनका बेटा वहां से विधायक रहे हैं। उनके भतीजे समीर भुजबल भी इस सीट से सांसद थे। भुजबल ने कहा कि क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के कारण उन्हें लोगों से बहुत समर्थन मिला है इसलिए वे आश्चर्यचकित थे कि तीन सप्ताह तक सीट से उनका नाम घोषित नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, जब नारायण राणे का नाम रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के लिए घोषित किया गया और और मेरा नहीं, तो मुझे लगा कि वे ऐसा नहीं करना चाहते हैं। तब मैंने कहा कि मैं सीट से नहीं लड़ना चाहता। अगर मुझे लड़ना है तो मैं सम्मान के साथ चुनाव लड़ना चाहता हूं। मैं अपनी हैसियत जानता हूं। मुझे टिकट मांगना पसंद नहीं है। मुझे आज भी याद है कि मैंने एकमात्र बार 1970 में मुंबई नगर निगम के लिए टिकट मांगा था। छगन भुजबल उस समय थोड़े भावुक हो गए जब उनसे बारामती में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा के बीच मुकाबले के बारे में पूछा गया। यह सीट शरद पवार का गढ़ माना जाती है। भुजबल ने कहा, मेरे लिए भी यह दुखद है कि जो लोग इतने सालों तक एक ही घर में एक साथ रहते हैं और अलग हैं। जो हो रहा है वह कुछ ऐसा है जो कई लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। गलती किसकी है, यह अलग बात है। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो बहुत अच्छा होता।

## छोटी दूरी की वंदे मेट्रो ट्रेनों का ट्रायल रन जुलाई में शुरू होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को लेकर बड़ी खुशखबरी दी है। छोटी दूरी की वंदे मेट्रो ट्रेनों का ट्रायल रन जुलाई में शुरू होगा। इसके अलावा, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का ट्रायल अगले महीने से शुरू हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें 100-250 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। अगर वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की बात करें तो ये 1,000 किमी की दूरी को कवर करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें करीब 124 शहरों तक फर्राटा भरेंगी। इसे लेकर कुछ रूट्स की पहचान कर ली गई है जिनमें लखनऊ-कानपुर, आगरा-मथुरा, दिल्ली-रेवारी, भुवनेश्वर-बालासोर और तिरुपति-चेन्नई शामिल हैं।



एसी वाली इन ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। अनारक्षित कैटेगरी के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को यात्रा का मौका दिया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया, इन ट्रेनों के स्टॉपेज की संख्या अच्छी-खासी होगी और इन्हें ऐसी जगह पर बनाया जाएगा जहां ज्यादा से ज्यादा लोग आसानी से पहुंच सकें। इन वंदे भारत मेट्रो ट्रेनों में 12 कोच होंगे। इन दरवाजे सीट की ओर होंगे और ऑटोमैटिक तरीके से काम करेंगे। कई सारे यात्रियों के खड़े होने की भी जगह होगी। अगर जरूरत पड़ती है तो इनके कोच बढ़ाए जा सकते हैं। ऐसा अनुमान है कि कोच की संख्या 12 से बढ़ाकर 16 तक हो सकती है।

**मुंबई लोकल ट्रेन की जगह वंदे भारत मेट्रो :** दूसरी ओर, मुंबई की लोकल ट्रेनों को अगले 3-4 साल के भीतर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेट से बदल दिया जाएगा। इससे मुंबई के रेगुलर यात्रियों को मेट्रो की तर्ज पर वातानुकूलित और स्वचालित गेट वाली सुरक्षित सेवा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कपूरथला स्थिति रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का पहला रैक करीब-करीब तैयार है और अगले महीने परीक्षण के लिए बाहर आएगा। वंदे भारत मेट्रो के 50 रैक बनने के बाद 400 और रैक के निर्माण का ऑर्डर दिया जाएगा। देश के 12 बड़े और मझोले नगरों के बीच वंदे भारत मेट्रो से दैनिक यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह अत्यंत तीव्रता से गति पकड़ने और तेजी से रुकने वाली गाड़ी होगी जिसे औसतन 100 किलोमीटर की दूरी वाले दो प्रमुख स्टेशनों के बीच कई फेरों चलाने की योजना है।

## चारधाम यात्रा-केदारनाथ-बदरीनाथ धामों में 1 घंटे के अंदर भक्तों को होंगे दर्शन, टोकन सिस्टम का प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालुओं को धाम और मंदिरों में अब घंटों लंबी कतार में नहीं लगना होगा। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों में भक्तों को आसानी से दर्शन हो सकेंगे। स्लॉट टोकन सिस्टम के जरिए श्रद्धालुओं को एक घंटे के भीतर दर्शन हो जाएंगे। सरकार इस साल टोकन स्लॉट सिस्टम को अधिक प्रभावी रूप से लागू करने जा रही है। श्रद्धालुओं का समूह बनाकर उन्हें एक तय समय दिया जाएगा, जिसमें वो आकर दर्शन कर सकेंगे। पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा की तैयारियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस बार बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में स्लॉट टोकन सिस्टम को सख्ती से लागू किया जाएगा। श्रद्धालुओं को दर्शन का वक्त पता होने से वे अपने समय का दूसरे स्थलों के दर्शन में भी सदुपयोग कर सकेंगे। अधिकारियों को इस बाबत सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। सतपाल महाराज ने कहा कि इस साल अब तक 15 लाख से ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन के रुझान से साफ हो रहा है कि इस साल श्रद्धालुओं की संख्या नया रिकार्ड स्थापित करेगी। महाराज ने कहा कि फर्जी हेली कंपनियों द्वारा श्रद्धालुओं से ठगी पर सख्ती करेगी।

# इतनी गर्मी में लोग नहीं डाल रहे वोट, टाइमिंग बदलो; कांग्रेस की चुनाव आयोग से मांग

**हैदराबाद, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। आगामी 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होना है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले दो चरणों में कम मतदान ने राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग को चिंता में डाल दिया है। इसके पीछे की बड़ी वजह भीषण गर्मी और लू का कहर माना जा रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी भयंकर गर्मी को देखते हुए कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग से मतदान का समय बढ़ाने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि मौसम विभाग की गाइडलाइन्स के मुताबिक, जनता से दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घरों से बाहर न निकलने की अपील की जा रही है। तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग (ईसी) से निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान करने का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक बढ़ाने का शनिवार को अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भीषण गर्मी के मद्देनजर वोट प्रतिशत में कमी आ सकती है। बता दें कि तेलंगाना में 13 मई को चौथे चरण के लिए 17 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। कांग्रेस पार्टी को आशंका है कि भीषण गर्मी के कारण लोग मतदान करने से परहेज कर सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज को संबोधन अपने पत्र में, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, 13 विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम पांच बजे के बीच होगा जबकि 17 संसदीय क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक ही चुनाव होंगे। दरअसल, भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने भीषण गर्मी को देखते हुये, तेलंगाना के विभिन्न जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी भी जनता से दोपहर 12 से चार बजे के बीच अपने घरों से बाहर न निकलने की सलाह दे रहे हैं, जब तक कि कोई तत्काल आवश्यकता न हो। कांग्रेस पार्टी ने कहा, हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि लोग दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच वोट डालने के लिए बाहर आएंगे, जिसके कारण निश्चित रूप से मतदान का प्रतिशत कम होगा। उन्होंने कहा कि यह ध्यान देने योग्य है कि गजट अधिसूचना के अनुसार निकटवर्ती आंध्र प्रदेश राज्य के कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक है।



## नामी-गिरामी, कद्दावर नेताओं की दर्जनों पार्टियां खो गई गुमनामी में

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर के नामी-गिरामी और कद्दावर नेताओं ने अलगांव का रास्ता अपनाकर प्रदेश में दर्जनों पार्टियां बनाई। ये पार्टियां जोर-शोर से मैदान में भी आईं और चुनाव भी लड़ा लेकिन बाद में वे या तो गुनामी के अंधेरे में खो गई या फिर किसी अन्य पार्टी में उसका विलय हो गया। इनमें कई ऐसी राजनीतिक पार्टियां रहीं हैं जिन्हें चुनावों में अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा और किसी ने वोट तक नहीं दिया।

आजादी के बाद से अब तक प्रदेश में तमाम ऐसे अवसर आये जब बड़े नेताओं ने अपनी मूल पार्टी को त्यागकर नया दल बना लिया और बाद में उनकी पार्टियां अपना स्वयं का अस्तित्व समाप्त कर दी। ये ऐसे राजनेता या राजनीतिक हस्तियां रहीं हैं जिनका न सिर्फ प्रदेश में बल्कि देश की राजनीति में भी बड़ी धाक रही है और उनके कदम को उनकी पार्टी से ऊंचा माना जाने लगा था। प्रदेश में ऐसे नेताओं की फेहिरस्त लम्बी है। इन राजनेताओं में स्वामी करपात्री, जेपी कृपलानी, चौधरी चरण सिंह से लेकर एनडी तिवारी, कल्याण सिंह और शिवपाल सिंह यादव तक के नाम प्रमुख रूप से शामिल है। इसी प्रकार से पार्टियों के नाम ही ले तो इनमें उत्तर प्रदेश रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, अखिल भारतीय राम राज्य परिषद, उत्तर प्रदेश प्रज्ञा पार्टी, इत्तेहाद-ए मिल्लत काउन्सिल तथा ऑल इण्डिया सेड्यूल कास्ट फेडरेशन आदि के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं।



### ऐसी पार्टियां जो अस्तित्व में आईं, चुनाव लड़ा और विलुप्त हो गईं

- आजादी के ठीक बाद 1948 में स्वामी करपात्री महाराज ने अखिल भारतीय राम राज्य परिषद नामक राजनीति पार्टी की स्थापना की। इस पार्टी से 21 सीटों पर प्रत्याशी भी खड़े हुये लेकिन न एक सीट मिली और न ही पार्टी अधिक दिनों तक चल सकी।
- 1950 में सर जगदीश प्रसाद ने उत्तर प्रदेश प्रज्ञा पार्टी बनाई, 1951 के आम चुनाव में इस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर अधिकतर सीट पर उम्मीदवार भी खड़े हुए लेकिन उसके बाद यह पार्टी गायब हो गई।
- 1951 में जे बी कृपलानी ने उत्तर प्रदेश किसान मजदूर पार्टी बनाई जिसनें उसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में 37 सीटों पर चुनाव भी लड़ा लेकिन बाद में यह पार्टी गुमनामी के अंधेरे में खो गई।
- 1951 में ही ऑल इण्डिया सेड्यूल कास्ट फेडरेशन का गठन हुआ। इस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर नौ उम्मीदवारों ने चुनाव भी लड़ा लेकिन बाद में यह पार्टी भी विलुप्त हो गई।
- 1967 में चौधरी चरण सिंह ने भारतीय क्रांति दल बनाई जिसका 1977 में जनता पार्टी में विलय हो गया।
- 1977 में डेढ़ दर्जन से अधिक छोटे-बड़े दलों को मिलाकर जनता पार्टी का गठन किया गया जिसने उस वर्ष यूपी में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बाद में जनता पार्टी का विघटन हो गया और उसके तमाम दल विलुप्त हो गये।

## कश्मीर में मिठाई की दुकान पर अंधाधुंध गोलीबारी

**कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मीरान साहिब इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने मिठाई की दुकान पर अचानक गोलीबारी कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना शनिवार शाम को हुई। कुछ अज्ञात लोग इलाके में पहुंचे और दुकान पर गोलियां चलाने लगे। इसके बाद अब्बू जट नाम के सोशल मीडिया हैंडल से इस हमले की जिम्मेदारी ली गई। पोस्ट में कहा गया, आज जो कुछ भी हुआ, हम उसकी जिम्मेदारी लेते हैं। मीरासाहिब खजुरिया में मिठाई की दुकान के बाहर गोलियां चलाईं। अगर हमारी बातों पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह और भी बदतर हो सकता है। हम यहां पर हैं मगर हमारे भाई अभी भी वहां हैं। इसलिए गलती मत कीजिए और मान लीजिए। हमने नया मोड़ ले लिया है और शांति के प्रयास में हैं। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो अगली गोली हवा में नहीं चलेगी।

इससे पहले, बिहार के बांका जिले के रहने वाले राजा शाह की अनंतनाग जिले के जबलीपोरा में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कहा, शेष खतरों को खत्म करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाएं और आतंकवादियों के सहयोगियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। बैठक में जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारियों ने चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को बनाए रखते हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रणनीतियों पर चर्चा की।



**जम्मू-कश्मीर के सोपोर में मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर :** जम्मू-कश्मीर के उप जिला सोपोर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शुक्रवार को 2 आतंकवादी मारे गए। इस दौरान दो सैनिक भी घायल हो गए। पुलिस ऑफिसर बिरदी ने कहा कि पूरी रात जारी मुठभेड़ में आज सुबह दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, संयुक्त अभियान के दौरान टीम पर आतंकवादियों ने छिपकर अंधाधुंध फायरिंग की और टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। यह मुठभेड़ पूरी रात जारी रही जिसका अंत आज सुबह दो आतंकवादियों के ढेर होने के बाद हुआ। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से बरामद दस्तावेजों के माध्यम से मारे गए लोगों में से एक की पहचान सैफुल्लाह के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

# राजस्थान और गुजरात में पकड़ाई अत्याधुनिक ड्रग्स लैब, करीब 300 करोड़ रु की मेफेड्रोन ड्रग बरामद

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ते) और एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने गांधीनगर और पड़ोसी राज्य राजस्थान में एक साथ चार जगहों पर संयुक्त रूप से छापा मारा और करीब 300 करोड़ रुपए के मेफेड्रोन (एक तरह का मादक पदार्थ) के साथ 13 लोगों को पकड़ा है। यह छापे शुक्रवार को मारे गए थे, जिनकी जानकारी शनिवार को दी गई। इस दौरान दोनों राज्यों में 3 अति आधुनिक मेफेड्रोन मैन्युफैक्चरिंग लैब्स भी मिलीं।

इन छापों को लेकर एक विज्ञप्ति जारी करते हुए एटीएस ने बताया कि, एनानी और राजपुरोहित के साथ-साथ उनके सहयोगियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई, जिसके बाद राजस्थान में सिरोही और जोधपुर के अलावा गांधीनगर के पिपलाज गांव और अमरेली जिले के भक्तिनगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इकाइयों पर छापे मारे गए। छापे के दौरान एटीएस ने 22.028 किलोग्राम मेफेड्रोन और 124 किलोग्राम तरल मेफेड्रोन बरामद किया।

एटीएस की विज्ञप्ति के मुताबिक छापों के दौरान राजपुरोहित को गांधीनगर से पकड़ा गया, वहीं एनानी को सिरोही से पकड़ा गया। एनानी इससे पहले भी इस मामले में 7 साल जेल में रहकर आ चुका है। राजस्थान में एक औद्योगिक इकाई में मेफेड्रोन के उत्पादन में शामिल रहने के आरोप में साल 2015 में उसे डीआरआई ने पकड़ा था। इसके बाद वह 7 साल जेल में रहा था।



विज्ञप्ति में बताया गया कि सभी आरोपी आपस में जुड़े हुए हैं और वलसाड जिले के वापी औद्योगिक क्षेत्र में एक कंपनी से कच्चा माल खरीद रहे थे। फिलहाल जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर ही है कि वे कब से इस ड्रग का उत्पादन कर रहे हैं, उन्होंने इसे किस-किस को बेचा है और इस पूरे ड्रग कार्टेल का हिस्सा कौन था।

उधर एनसीबी ने एक बयान में कहा, एटीएस गुजरात पुलिस को एक गोपनीय स्रोत से गुजरात और राजस्थान से संचालित गुप्त मेफेड्रोन मैन्युफैक्चरिंग लैब्स के बारे में जानकारी मिली थी। इन प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ करने के लिए, एटीएस गुजरात पुलिस और एनसीबी हेडक्वार्टर्स ऑपरेशन इकाई की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। एनसीबी के मुताबिक इन छापों के दौरान तीन अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं से कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर व तरल रूप में), 50 किलोग्राम इफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त हुआ है, जिनकी अनुमानित कीमत 300 करोड़ रुपए है। एजेंसी ने इसे इंटर-एजेंसी कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए कहा कि जांच चल रही है और वितरण नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# सैमसन, जुरेल की नाबाद शतकीय साझेदारी

## आरआर ने एलएसजी को सात विकेट से हराया

**लखनऊ, एजेंसी।** कप्तान संजू सैमसन की 33 गेंदों में नाबाद 71 रन और ध्रुव जुरेल के पहले आईपीएल अर्धशतक (34 गेंद में नाबाद 52 रन) की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया।



राजस्थान ने 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 60 के स्कोर पर तीन गेंदों में दो विकेट गंवा दिये थे। दूसरा विकेट सातवें ओवर की पहली गेंद पर गिरा था। नवें ओवर में 78 के स्कोर पर जब तीसरा विकेट गिरा तो राजस्थान के सामने कुछ मुश्किलें दिखने लगीं। लेकिन सैमसन ने एक और शानदार पारी खेली। उन्होंने सात चौके और चार छक्के लगाए। जुरेल ने भी कप्तान का अंत तक साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 62 गेंदों में 121 रनों की अविजित साझेदारी की। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने 48 गेंदों में 76 रन बनाए और दीपक हुडा ने 31 गेंदों में 50 रन बनाकर घरेलू टीम का स्कोर 196/5 पर पहुंचाया। जवाब में राजस्थान ने 19 ओवर में 199/3 बनाकर मैच जीत लिया।

इस जीत के साथ, टेबल टॉपर राजस्थान रॉयल्स के नौ मैचों में आठ जीत से 16 अंक हो गए हैं। एलएसजी 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स (दूसरे), सनराइजर्स हैदराबाद (तीसरे) और दिल्ली कैपिटल्स (5वें) के भी 10-10 अंक हैं।राजस्थान रॉयल्स को ओपनर जोस बटलर और यशस्वी जयसवाल ने अच्छी शुरुआत दी। बटलर ने 18 गेंदों पर 34 रन बनाये जबकि जयसवाल ने इतनी ही गेंदों पर 24 रन जोड़े थे।संक्षिप्त स्कोरः्लखनऊ सुपर जाइंट्स 20 ओवर में 196/5 (के.एल राहुल 76, दीपक हुड्डा 50; संदीप शर्मा 2-31) राजस्थान रॉयल्स 19 ओवर में 199/3 (जोस बटलर 34, संजू सैमसन 71 नाबाद, ध्रुव जुरेल 52 नाबाद; अमित मिश्रा 1-20, मार्कस स्टॉयनिस 1-3) से सात विकेट से हार गए।

# आर्यन, जितेश ने एशियाई अंडर-22 और यूथ चैंपियनशिप में भारत को विजयी शुरुआत दी

**अस्ताना, एजेंसी।** युवा मुक्केबाज आर्यन (51 किग्रा) और जितेश (54 किग्रा) ने शनिवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के शुरुआती दिन विजयी शुरुआत की। आर्यन और जितेश दोनों ने अपने पूरे मुकाबलों में दबदबे वाला प्रदर्शन करते हुए क्रमशः दक्षिण कोरिया के जो ह्योन वू और चीनी ताइपे के चेन यू चेन के खिलाफ 5-0 के अंतर से समान जीत हासिल की।

BOXING FEDERATION OF INDIA

अन्य भारतीय मुक्केबाज जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) शनिवार को युवा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हालांकि, जदुमणि सिंह एम. (51 किग्रा), आकाश गोरखा (60 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) रविवार को अंडर-22 वर्ग में भारत के अभियान की शुरुआत करेंगे।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा), जो पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, मंगलवार को महिलाओं के अंडर-22 वर्ग में उज्बेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना के खिलाफ अपनी चुनौती की शुरुआत करेंगी।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मौजूदा प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 50 सदस्यीय भारतीय टीम को मैदान में उतारा है, जिसमें 24 से अधिक देशों के 390 से अधिक मुक्केबाजों की उपस्थिति के साथ हाई-वोल्टेज एक्शन देखने को मिल रहा है, जो 25 भार श्रेणियों में पदकों के लिए लड़ रहे हैं।

टी20 विश्व कप 2024

# टी20 विश्व कप के लिए 01 मई को हो सकता है भारतीय टीम का एलान

## हार्दिक को लेकर संशय बरकरार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए संभावित 15 सदस्यीय टीम को लेकर दिल्ली में अनौपचारिक बैठक होने की उम्मीद है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की आखिरी तारीख एक मई है।

**दिल्ली-मुंबई मैच देखने पहुंचे थे अगरकर-** न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए आईपीएल मैच को देखने के लिए विशेष रूप से स्पेन से दिल्ली आए थे, ताकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हों।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के बीच मैच के बाद मुलाकात हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक मई को डेडलाइन खत्म होने के दिन भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। टीम के एलान से पहले भी अगरकर और रोहित के बीच एक और बार मीटिंग हो सकती है। उस मीटिंग में जरूर फैसले लिए जाएंगे। यह मीटिंग सोमवार को हो सकती है। मुंबई का अगला मैच 30 अप्रैल को लखनऊ से इकाना स्टेडियम में है।

**हार्दिक की गेंदबाजी और फिटनेस पर संशय जारी-** टीम में कुछ स्थानों और खिलाड़ियों को लेकर चर्चा की जरूरत है। इसमें सबसे अहम हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी फिटनेस है। अगर हार्दिक को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिलती है तो शिवम दुबे और रिंकू सिंह में से केवल एक को ही जगह दी जा सकती है। हार्दिक ने अब तक नौ मैचों में 36 ओवर की बजाय सिर्फ 19 ओवर गेंदबाजी की है। वहीं, फिनिशर के तौर पर वह इतने मैचों में सिर्फ 10 छक्के लगा पाए हैं, जो कि बेहद खराब है।

उन्होंने इस सीजन 142 के स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 196 रन बनाए हैं। हालांकि, हार्दिक को इस बात की तरजीह मिल सकती है कि दुबे ने इस आईपीएल में गेंदबाजी की ही नहीं है। वहीं, स्किल और पेस में भी दुबे हार्दिक के आसपास नहीं हैं। हालांकि, बल्ले से दुबे हार्दिक से कहीं आगे हैं। सीएसके के बल्लेबाज ने आठ मैचों में 22 छक्के जड़े हैं। विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और लोकेश राहुल के नामों को लेकर भी संशय है। पंत का चयन तय माना जा रहा है। वहीं, दूसरे विकेटकीपर को लेकर चर्चा जारी है।

**चहल पर अक्षर को दी जा सकती है तरजीह-** तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर भी चीजें स्पष्ट नहीं है। जसप्रीत बुमराह शानदार लय में है तो वहीं अनुभवी मोहम्मद सिराज का आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और युजवेंद्र चहल में टीम के तीसरे स्पिनर के लिए मुकाबला होगा। बेहतर बल्लेबाजी स्किल के कारण अक्षर का दावा ज्यादा मजबूत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चहल कुछ शीर्ष कोचिंग स्टाफ की पहली पसंद नहीं हैं।

## दुबे की पावर हिटिंग ने सबका ध्यान खींचा

वहीं, लखनऊ के कप्तान राहुल इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। वह नौ मैचों में 42 की औसत और 144.27 के स्ट्राइक रेट से 378 रन बना चुके हैं। शिवम दुबे की पावर हिटिंग ने इस सीजन सबका ध्यान खींचा है। वह अब तक आठ मैचों में 51.83 की औसत और 169.94 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 311 रन बना चुके हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 66 रन का रहा है। दुबे सीएसके से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। ऋतुराज गायकवाड़ लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने सीएसके के लिए अब तक आठ मैचों में 58.17 की औसत से 349 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

## जून में शुरू होगा टी20 विश्व कप

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की सहमेजबानी में खेला जाएगा। एक जून से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क में महामुकाबला खेला जाएगा। यह मैच न्यूयॉर्क के नसऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा।

# आईपीएल-2024 ऋषभ पंत ने इस नियम को लेकर जाहिर की चिंता, बताया कैसे खड़ी कर रहा है परेशानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को चार रन से हराया था। दिल्ली ने मुंबई के खिलाफ चार विकेट पर 257 रन बनाकर आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था, लेकिन उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही थी और एक समय मुंबई इंडियंस जीत के करीब पहुंच गई थी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत भी उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्हें इंपैक्ट प्लेयर नियम कुछ रास नहीं आ रहा है। पंत ने इस नियम को लेकर चिंता जाहिर की है। दिल्ली की टीम लगातार दो मैचों में बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद भी बहुत कम अंतर से जीत दर्ज कर सकी है। दिल्ली ने शनिवार को खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस को 10 रन से हराया। दिल्ली ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को चार रन से हराया था। दिल्ली ने मुंबई के खिलाफ चार विकेट पर 257 रन बनाकर आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था, लेकिन उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही थी और एक समय मुंबई इंडियंस जीत के करीब पहुंच गई थी। मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने 32 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेली थी।

आईपीएल- 2024

# 16 अंक होने के बाद भी अब तक प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई राजस्थान की टीम, जानें वजह और समीकरण

**आईपीएल 2024 अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात टाइटंस | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब किंग्स | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई इंडियंस | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 16 अंक आम तौर पर प्लेऑफ के लिए डायरेक्ट क्वालिफिकेशन सुनिश्चित करता है, लेकिन अभी तक राजस्थान की टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी है। एक और जीत से आरआर की टीम जरूर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाएगी।

आईपीएल 2024 के 44वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स पर सात विकेट से जीत हासिल की। 197 रन के लक्ष्य को राजस्थान ने 19 ओवर में तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ राजस्थान के नौ मैचों में आठ जीत के साथ 16 अंक हो गए हैं। आरआर की टीम सिर्फ एक मैच हारी है। वहीं, लखनऊ की टीम नौ मैचों में पांच जीत और 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। जब से 10 टीमों के बीच आईपीएल में मुकाबले हो रहे हैं, 16 अंकों को प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने का बेस माना जाता है। हालांकि, राजस्थान की टीम के 16 अंक होने के बावजूद उनके नाम के आगे क्वालिफाई नहीं लिखा गया है।

## अंक तालिका का मौजूदा हाल

16 अंक आम तौर पर प्लेऑफ के लिए डायरेक्ट क्वालिफिकेशन सुनिश्चित करता है, लेकिन अभी तक राजस्थान की टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी है। एक और जीत से आरआर की टीम जरूर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। हालांकि, अब तक ऐसा इसलिए नहीं हुआ है क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु समेत सभी टीमें अभी भी क्वालिफिकेशन के दौड़ में हैं। राजस्थान की टीम 16 अंक प्राप्त कर चुकी है और आरसीबी को छोड़कर बाकी टीमें अभी भी 16 अंक प्राप्त कर सकती हैं। ऐसे में राजस्थान के आगे क्वालिफाई नहीं लिखा गया है।

## मुंबई और पंजाब के लिए करो या मरो की स्थिति

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के लिए अब यहां से सभी मुकाबले करो या मरो वाले हैं। उन्हें अपने बाकी बचे पांच मैचों में से पांचों में जीत दर्ज करनी होगी। दोनों के पास नौ मैचों के बाद छह-छह अंक हैं। पांच जीत से वह 16 अंक तक पहुंच पाएंगे। वहीं, गुजरात टाइटंस एक से ज्यादा मैच गंवाने का रिस्क नहीं उठा सकती है। उसके नौ मैचों में चार जीत और पांच हार के साथ आठ अंक हैं। 16 अंक तक पहुंचने के लिए उन्हें कम से कम चार मैच जीतने होंगे।

# फिर दौड़ेगी रावलपिंडी एक्सप्रेस, शोएब अख्तर ने रिटायरमेंट से वापसी का किया एलान!

**लाहौर, एजेंसी।** अप्रैल को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पांच टी20 मैचों की सीरीज का अंतिम मैच खेला गया. पाकिस्तान ने यह मैच 9 रनों से जीत लिया. मैच के दौरान शोएब अख्तर भी मैदान पर थे. स्टेडियम में मौजूद दर्शक शाओब के नारे लगाने लगे, जिसके बाद शोएब अख्तर ने कुछ ऐसा ट्वीट किया, जिससे फैंस बेताब हो गए.

**रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर बना रहें रिटायरमेंट से वापसी का प्लान?-** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए आखिरी टी20 मैच के दौरान शोएब वहां मौजूद थे. वहां उन्होंने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जश्न मना रही भीड़ को सौंपी. मैदान का माहौल हुआ इतना जबरदस्त कि रावलपिंडी एक्सप्रेस वापसी का सोचने लगे. इसके बाद उन्होंने ट्वीट के जरिए संन्यास से वापसी की ओर इशारा किया.



## शोएब अख्तर ने ट्विटर पर क्या लिखा?

शोएब अख्तर ने ट्वीट में लिखा, वो शाओब शाओब के नारे बहुत दिल को छू लेने वाले थे. मैं फिर से आप सभी के लिए गेंदबाजी करने के लिए मैदान पर जाना चाहता था. रोंगटे खड़े हो गए ! ! इस इमोशनल मैसेज को देख फैंस भी कमेंट में उन्होंने दोबारा देखने की बातें कहने लगे.

## कब होगा इंडिया वर्सेस पाक टी20 वर्ल्ड कप 2024 मैच?

टी20 वर्ल्ड कप 2024, 2 जून से शुरू होने जा रहा है. इस टूर्नामेंट का आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज में किया जाएगा. भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 रविवार, 9 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा.

## इंडिया वर्सेस पाकटी20 वर्ल्ड कप हेड टू हेड

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान अब तक 7 बार भिड़ चुके हैं. इनमें से भारत ने 5 मैच जीते हैं. तो वहीं पाकिस्तान सिर्फ 1 मैच जीत सका है. एक मैच टाई हुआ था.

# टिम डेविड के छक्के से घायल हुआ फैन, मुंह पर लगी गेंद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 257 रन बनाए और मुंबई को जीत के लिए 258 रनों का मुश्किल सा टारगेट दिया। मैच की दूसरी पारी में मुंबई इंडियंस के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं था उन्हें बस तेजी से रन बनाने थे और उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इस दौरान मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ी टिम डेविड ने एक झन्नाटेदार शॉट खेला जिसके बाद गेंद सीधे स्टैंड में जा गिरी। इसी बीच उनके इस शॉट ने स्टैंड में बैठे एक फैन को घायल कर दिया।

**फैन को लगी चोट-** टिम डेविड ने जैसे ही शॉट खेला, वैसे ही गेंद को स्टेंड में बैठे फैंस कैच करना चाह रहे थे, लेकिन इसी भाग-दौड़ में गेंद एक फैन के चेहरे पर जाकर लग गई। जिसके बाद उस फैन को तुरंत मेडिकल रूम की ओर ले जाया गया। कई बार क्रिकेट के मैदान पर ऐसा देखने को मिल जाता है। इस मैच में भी कुछ ऐसा ही हुआ। फैन की हालत को लेकर अभी कोई अपडेट नहीं दिया गया है। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

**कैसा रहा मैच का हाल-** दिल्ली कैपटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2024 का 43वां मुकाबला खेला गया। इस मैच का आयोजन दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। जहां मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। टीम के लिए जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 84 रनों और ट्रिस्टन स्टब्स ने 47 रनों की पारियां खेली।

# केएल राहुल ने बताया राजस्थान के खिलाफ मैच में कहां पर हुई उनकी टीम से चूक, कहा - इतने रन पड़ गए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स टीम का प्रदर्शन अब तक सबसे बेहतरीन देखने को मिला है। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान की टीम ने 7 विकेट से जीत हासिल करने के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी जगह को लगभग पक्का कर लिया है। इस मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान केएल राहुल 76 और दीपक हुडा के 50 रनों के दम पर 20 ओवरों में 196 रनों का स्कोर बनाया था। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की टीम ने एक समय 78 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 100 से अधिक रनों की साझेदारी करते हुए इस मैच में टीम को एक आसान जीत दिलाकर वापस लौटे। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में हार के बाद लखनऊ टीम के कप्तान केएल राहुल ने इस बात को माना कि उनकी टीम ने मुकाबले में 20 से 25 रन कम बनाए।

## 50 से 60 रनों के स्कोर को शतक में बदलने की जरूरत

केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में हार के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हमने इस मैच में 20 रन कम बनाए। हमें अच्छी शुरुआत नहीं मिली थी, लेकिन मेरे और हुडा के बीच एक अच्छी साझेदारी हुई थी। क्रीज पर समय बिता चुके बल्लेबाजों के लिए जो 50 या 60 का स्कोर कर चुके हैं उन्हें उसे शतक में बदलने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम 15वें ओवर तक 150 रनों के करीब थे। हमें इसके बाद और फायदा उठाना चाहिए था। ये तो साफ है जो टीम अधिक छक्के लगा रही है वह आखिर में जीतने में कामयाब हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'कृष्णा मोहिनी' भाई के लिए उसकी सारथी की भूमिका निभाती है

**मुंबई, एजेंसी।** जीवन के उथलपुथल भरे हालातों से निकलना दूभर लग सकता है, जिसमें बाधाएं और अनिश्चितताएं हर उस कदम पर चुनौती देती हैं जो कोई व्यक्ति चुने हुए रास्ते पर उठाना चाहता है। ऐसे समय में, जीवन में किसी 'सारथी' का होने से समंदर के घोर अंधियारे में जहाजों को मार्गदर्शन देने वाले प्रकाशस्तंभ के समान बल मिलता है। 'कृष्णा मोहिनी' कृष्णा के जीवनयात्रा को प्रदर्शित करता है, जो सिस्टरहुड के भाव को दर्शाते हुए अपने भाई मोहन की 'सारथी' के रूप में हर तूफान का सामना करके उसे बचाती है। रूढ़ियों को तोड़ते हुए, उनका रिश्ता पारंपरिक भूमिकाओं से परे है, क्योंकि यह शो 'कृष्णा बहन का फर्ज़ ऐसे निभाएगी...कि दुनिया में, राखी की परिभाषा बदल जाएगी' के अपने विश्वास के साथ भाई-बहन के रिश्ते के मूल को पुनः परिभाषित करने का वादा करता है। भाई और बहन के बीच इस प्यारे रिश्ते को प्रदर्शित करते हुए, कलर्स द्वारका की खूबसूरत भूमि और तटीय आकर्षण में सेट किए गए 'कृष्णा मोहिनी' को पेश करने के लिए तैयार है। कृष्णा के रूप में देबत्तमा साहा, मोहन के रूप में केतकी कुलकर्णी, और आर्यमन के रूप में फहमान खान अभिनीत, और सुशांत दास व निसपाल सिंह के बॉयहुड प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, कृष्णा मोहिनी का प्रीमियर 29 अप्रैल को होगा और यह हर शाम 70 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा।वायकॉम18 के जनरल एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष आलोक जैन कहते हैं, कलर्स में, हम उन महत्वपूर्ण कहानियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे दर्शकों की भावनाओं से गहराई से जुड़ती हैं।

### सागर के वेदांत असाटी 98.53 परसेंटाइल हासिल कर बने सिटी टॉपर

**सागर।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने सागर से अपने स्टूडेंट वेदांत असाटी की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98.53 परसेंटाइल हासिल कर सागर मे सिटी टॉप किया है।उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट वेदांत असाटी ने 98.53 परसेंटाइल हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है.आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था। उनकी उन्नति उनके अथक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिद्धांतों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया। अपनी गहरी कृतज्ञता का अभिव्यक्त करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया,, हम आकाश के विशेषज्ञ शिक्षकों की ओर से तैयार की गई सामग्री और कोचिंग के लिए ऋणी है, जो हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण साबित हुई। उनके अटूट मार्गदर्शन के बिना, एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर कई विषयों में महारत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होती। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

# 12 साल की गाढ़ी कमाई एक शादी में फुर्र, भारतीयों की खतरनाक फितरत, सीईओ ने की डिकोड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निखिल कामथ देश के जाने-माने उद्यमी और निवेशक हैं। वह सबसे बड़ी रिटेल स्टॉकब्रोकर जेरोधा के संस्थापक हैं। लगनों के इस मौसम में उन्होंने शादी-ब्याह पर होने वाले खर्चों पर कुछ गंभीर इनपुट शेयर किए हैं। ये दखिाते हैं कि कैसे भारतीय शादी पर अपनी गाढ़ी कमाई को लुटा रहे हैं। इंडियन वेडिंग मार्केट 50 अरब डॉलर की है। यह 30 फीसदी की सालाना दर से बढ़ रही है। इस बढ़ोतरी के कारण भारत अमेरिका से आगे निकल दुनिया का सबसे बड़ा वेडिंग मार्केट बन सकता है। भारतीय महंगी शादियों के लिए मशहूर हैं। विवाह को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। बदलती आकांक्षाओं और तकनीकी प्रगति के कारण भारत में शादियों में बड़ा बदलाव आया है।



जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ ने भारतीय शादियों की वास्तविक लागत के बारे में चिंता जाहिर करने वाली जानकारी दी है। उन्होंने कुछ डरावने लेकिन सच्चे तथ्यों को उजागर करने के लिए विस्तृत इन्फोग्राफ का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में नवंबर-दिसंबर 2023 के बीच 35 लाख शादियां हुईं। दूसरे शब्दों में हर सेकेंड लगभग 2 शादियों का अयोजन हुआ। इसके अलावा देश के विवाह उद्योग में पिछले साल 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसने शादी के कारोबार को 4.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच दिया। इससे यह देश में चौथी सबसे बड़ी इंडस्ट्री बन गई। हालांकि, कामथ ने जिस इन्फोग्राफ को शेयर किया है, वह इस शानदार और असाधारण उद्योग के नकारात्मक पहलुओं की ओर फोकस करता है। इसमें कहा गया है कि एक औसत भारतीय शादी में 20 लाख रुपये खर्च होते हैं। इसका मतलब है कि भारतीय अपनी 12 साल की मेहनत की कमाई को सिर्फ 2-3 दिनों में खर्च कर देते हैं। जबकि प्रति व्यक्ति आय 1.71 लाख रुपये है।

### कर्ज लेकर होती हैं ज्यादातर शादी

आगे बताया गया है कि एक व्यक्ति की पूरी जिंदगी की बचत का पांचवां हिस्सा शादी पर खर्च होता है। भारत में लिए गए सभी कर्जों में से 20 फीसदी कर्ज विशेष रूप से शादियों के लिए होते हैं। कामथ के इन्फोग्राफिक के अनुसार, 80 फीसदी भारतीय शादियां कर्ज लेकर होती हैं।

बढ़ती महत्वाकांक्षाओं और तकनीकी प्रगति के कारण हाल के दिनों में भारतीय शादियां ज्यादा महंगी और भव्य हो गई हैं। रिपोर्ट में कुछ महत्वपूर्ण डेटा बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया है। जैसे 6 में से 1 भारतीय विवाह सेलिब्रिटी से प्रभावित होती है। 16 फीसदी भारतीय शादियां डेटिंग ऐप्स के जरिये हो रही हैं। 5 में से 1 जोड़ा डेस्टिनेशन वेडिंग को प्राथमिकता देता है। 52 फीसदी भारतीय जोड़े आर्टिफिशियल जूलरी लेना पसंद करते हैं। 3 में से 1 भारतीय विवाह ई-इनवाइट और ईको-फ्रेंडली उपायों का चयन करता है। 46 प्रतिशत भारतीय शादियों में शराब चलती है।

## घाटे में अडानी समूह की सांघी इंडस्ट्रीज, सुस्त पड़ा है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की सीमेंट कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में इस कंपनी का नेट लॉस 19.02 करोड़ रुपये था। एक साल पहले इसी अवधि में 104.56 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में बिक्री एक साल पहले की तिमाही के 225 रुपये के मुकाबले 26.66 प्रतिशत बढ़कर 284.78 करोड़ रुपये हो गई।



### समूचे वित्त वर्ष का हाल

मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने 448.79 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया तो मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 325.70 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में बिक्री 11.29 प्रतिशत घटकर 820.17 करोड़ रुपये हो गई। मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान 924.50 करोड़ रुपये थी।

### शेयर का हाल

बीते शुक्रवार को सांघी इंडस्ट्रीज के शेयर की बात करें तो 92.99 रुपये पर था। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 0.21 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। शेयर जनवरी 2024 में 156.20 रुपये तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। हालांकि, इसके बाद से शेयर में बिकवाली आई और भाव 100 रुपये से भी नीचे आ गया। हाल ही में सांघी इंडस्ट्रीज के बोर्ड ने नॉन-कन्वर्टिबल रिडीम प्रेफरेंशियल शेयर (आरपीएस) जारी करके 2,200 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि यह शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। पिछले साल ही अडानी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट ने गुजरात की सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया था। सीमेंट कारोबार से जुड़ी सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 78.52 फीसदी हिस्सेदारी है। पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास कंपनी के 21.48 फीसदी शेयर हैं। बता दें कि सांघी से पहले साल 2022 में अडानी समूह ने अंबुजा और एसीसी का अधिग्रहण किया था।

## 2030 तक ई-कॉमर्स का तीसरा सबसे बड़ा बाजार होगा भारत, इसका सबसे बड़ा कारण है किफायती इंटरनेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2030 तक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-कॉमर्स बाजार बन जाएगा और डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 8,000 करोड़ डॉलर हो जाएगा। वहीं, इसी साल तक भारत का ई-कॉमर्स बाजार बढ़कर करीब 3,250 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है।




एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत में 50 करोड़ से ज्यादा लोग ऑनलाइन खरीदारी कर रहे होंगे। फिलहाल, भारत का ई-कॉमर्स बाजार करीब 1,130 करोड़ डॉलर का है, जो करीब 21 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। इसके बढ़ने का सबसे बड़ा कारक 13.5 रुपये प्रति जीबी की दर से किफायती इंटरनेट है। मोबाइल से इंटरनेट तक पहुंच में 2019 की तुलना में 2023-24 में 21 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2025 तक 87 प्रतिशत घरों में इंटरनेट कनेक्शन होगा। इंटरनेट उपभोक्ताओं के साथ ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में वृद्धि का अनुमान है। 2019 से 2026 के बीच ग्रामीण भारत में 22 फीसदी की वार्षिक दर से सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 88 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।

### यूपीआई सबसे अहम

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था व ई-कॉमर्स बाजार में वृद्धि के कारणों में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सबसे अहम है। 2022 में इसके जरिये 1.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का लेन-देन किया गया। 2026 तक जब भारत की 81 फीसदी आबादी के पास स्मार्टफोन होगा, तो यह आबादी भी यूपीआई जैसे माध्यमों का उपयोग कर रही होगी।

## एनसीएस पोर्टल पर पिछले साल एक करोड़ नौकरियां सृजित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी नौकरियों के लिए भले ही कम आवेदन मांगे जा रहे हैं, लेकिन निजी सेक्टर में युवाओं के लिए भरपूर अवसर दिख रहे हैं। श्रम व रोजगार मंत्रालय के नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल पर पंजीकृत होने वाली नौकरियां की संख्या इस बात का संकेत दे रही है।




मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल अप्रैल से लेकर इस साल 31 मार्च तक (वित्त वर्ष 2023-24) एनसीएस पोर्टल पर कंपनियों ने एक करोड़ नौकरियां के लिए आवेदन मांगे हैं। नौकरियां की यह संख्या वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले 214 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान एनसीएस पोर्टल पर कंपनियों ने 35 लाख नौकरियों के लिए आवेदन मांगे थे।

### 87 लाख आवेदकों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 87.27 लाख आवेदकों ने एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण कराया। पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, निजी सेक्टर में सबसे अधिक नौकरियां की मांग वित्त एवं बीमा सेक्टर में हो रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में वित्त व इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों ने एनसीएस पोर्टल के जरिये 19.98 लाख नौकरियों के लिए आवेदन मांगे थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान इन सेक्टर की कंपनियों ने 46.69 लाख नौकरियों के लिए आवेदन मांगे हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग, शिक्षा, आईटी एवं संचार व अन्य प्रकार के प्रोफेशनल्स सेक्टर के लिए भी बड़ी संख्या में नौकरियों की मांग आई है। आईटीआई और डिप्लोमा होल्डर्स के लिए सबसे अधिक नौकरियों की मांग हो रही है। केंद्र सरकार ने निजी क्षेत्र में नौकरियों के अवसरों को युवाओं तक पहुंचाने के लिए एनसीएस पोर्टल की शुरुआत की थी। इस पोर्टल पर दसवीं पास से लेकर पीएचडी डिग्रीधारक तक नौकरी के लिए आवेदन कर सकता है। पोर्टल पर इस साल 31 मार्च तक 25.58 लाख नियोक्ता मौजूद थे। हालांकि, इस पोर्टल पर यह डाटा उपलब्ध नहीं होता है कि रिक्त नौकरियों में से कितनी नौकरियां भर गई हैं। इस बारे में श्रम मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि कई बार जिन युवाओं को रोजगार मिल जाता है, वे भी अपने बायोडाटा को पोर्टल से नहीं हटाते हैं क्योंकि वे अगली अच्छी नौकरी की तलाश में रहते हैं। इसलिए नौकरी मिलने वालों की संख्या का सटीक आकलन नहीं किया जा सकता है। मंत्रालय एनसीएस पोर्टल 2.0 लांच करने जा रहा है जहां नौकरी खोजने वाले और देने वाले दोनों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) व मशीन लर्निंग (एमएल) की मदद दी जाएगी। मंत्रालय अधिकारी के मुताबिक, मान लीजिए किसी ने इलेक्ट्रिशियन की नौकरी के लिए आवेदन किया। एआई व एमएल की मदद से आवेदन को देखते हुए उसे सिस्टम बताएगा कि कौन सा कोर्स कर लेने पर उसे और अच्छी व अधिक वेतन वाली नौकरी मिल सकती है।

### नियोक्ता को आवेदकों के बारे में जानकारी दी जाएगी

वैसे ही नियोक्ता को उन आवेदकों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, जिन्होंने उनकी नौकरी के लिए आवेदन नहीं किया है।

## ग्रे मार्केट में तूफान मचा यह आईपीओ, छह मई से दांव लगाने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) पर दांव लगाकर कमाई करते हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, इंडेजीन कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। बता दें कि यह कंपनी प्राइवेट इक्विटी फर्म- कार्लाइल और नादाथुर फारेस्ट समर्थित है। फार्मा से जुड़ी डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर कंपनी इंडेजीन का आईपीओ 6 मई 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। 8 मई 2024 तक बोली लगाने के लिए खुला रहेगा। इंडेजीन आईपीओ में 760 करोड़ का फ्रेश इश्यू और 2.39 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इंडेजीन आईपीओ का अलॉटमेंट 9 मई, 2024 को होने की उम्मीद है। यह आईपीओ बीएसई, एनएसई पर लिस्टेड होगा। इसकी लिस्टिंग की तारीख 13 मई 2024 को होने की उम्मीद है। हालांकि, आईपीओ के प्राइस बैंड का ऐलान अभी नहीं हुआ है लेकिन ग्रे मार्केट में यह ट्रेड कर रहा है। कंपनी का ग्रे मार्केट प्रीमियम 160 रुपये है। इंफोसिस के को-फाउंडर नादाथुर एस राघवन के स्वामित्व वाली प्राइवेट इक्विटी फर्म नादाथुर फाईस्ट पीटीई लिमिटेड 23.64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इंडेजीन में सबसे बड़ी शेयरधारक है। बता दें कि कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेपी मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। वहीं, लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रजिस्ट्रार है।




## रियलमी ने सबसे तेज एंट्री लेवल स्मार्टफोन रियलमी सी65 5जी पेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ रियलमी सी सीरीज़ में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिज़ाईन है जो यूज़र्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज़ अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिज़ाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज़ का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों: चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिज़ाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज़ में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूज़र के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज़ हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज़ ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है।÷ अनुज सिद्धार्थ, डिप्टी डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी स्मार्टफोंस में तीव्र गेमिंग और बेहतरीन कैमरा मलिटी को सपोर्ट करता है बैटरी लाईफ बढ़ाने के लिए इसमें टीएसएमसी 6एनएम-क्लास चिप होती है। उन्होंने आगे कहा रियलमी सी65 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 मीडियाटेक 5जी अल्ट्रासेव 3.0 के साथ आता है जो बेहतरीन एफिशियंसी, परिस्थिति के अनुरूप इंटैलिजेंट विशेषताएं, मीडियाटेक हाईपरइंजन गेमिंग टेक्नोलॉजी प्रदान करता है ।




## एमडीएच और एवरेस्ट के मसाले पर अमेरिका की नजर; सिंगापुर, हांगकांग में लगी है रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मसाला निर्माता कंपनी- एमडीएच और एवरेस्ट की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। असल में हांगकांग और सिंगापुर में इन दोनों कंपनियों के कुछ मसाला आइटम पर बैन लग गया है। इसके बाद अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भी अब एमडीएच, एवरेस्ट के उत्पादों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहा है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक एफडीए इस बात से अवगत है कि इन दोनों कंपनियों के कुछ उत्पाद की बिक्री रोक दी गई है। एफडीए स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी इकट्ठा कर रहा है। बता दें कि एमडीएच और एवरेस्ट मसाले भारत में सबसे लोकप्रिय हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने बताया कि उसने 2 भारतीय ब्रांड के कई प्रकार के डिब्बा बंद मसाला उत्पादों के नमूनों में स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। सीएफएस ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों की खरीदारी न करने के लिए कहा है। सीएफएस आदेश को ध्यान में रखते हुए सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों की वापसी का निर्देश दिया था।

## शेयर बाजार में 1 साल में 4 करोड़ निवेशक बढ़े

### इनमें 32 प्रतिशत बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के, महाराष्ट्र में 62 लाख निवेशक जुड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में तेजी और स्थायित्व लाने में अहम भूमिका निभा रहे रिटेल इन्वेस्टर की संख्या (डीमैट अकाउंट) एक साल में 4.03 करोड़ (31.23 प्रतिशत) बढ़ी है। इनमें 1.28 करोड़ (32.16 प्रतिशत) नए निवेशक बिहार, मध्य प्रदेश , राजस्थान और उत्तर प्रदेश से आए हैं। यह वे राज्य हैं जिन्हें आर्थिक रूप से पिछड़ा बताकर 'बीमारू' राज्यों की श्रेणी में रखा जाता था। इनकी तुलना में संपन्न माने जाने वाले तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना में केवल 52.10 लाख (12.92 प्रतिशत) रिटेल निवेशक बढ़े।



### यूपी में एक साल में 57.24 लाख नए इन्वेस्टर जुड़े

उत्तर प्रदेश में अब कुल निवेशकों की संख्या बढ़कर 1.81 करोड़ हो गई है। वह गुजरात को पीछे छोड़कर महाराष्ट्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा शेयर निवेशकों की आबादी वाला राज्य बन गया है। महाराष्ट्र में कुल 3.19 करोड़ निवेशक हैं। वहीं गुजरात में शेयर बाजार निवेशकों की संख्या 1.60 करोड़ है।

### केरल में एक साल में सिर्फ 7.08 लाख निवेशक बढ़े

देश के संपन्न या समृद्ध राज्य माने जाने वाले केरल में बीते एक साल में सिर्फ 7.08 लाख निवेशक बढ़े हैं। ये वहीं कर्नाटक में बीते एक साल में 19.02 लाख नए निवेशक शेयर बाजार से जुड़े हैं। हालांकि महाराष्ट्र में इसकी संख्या 62.64 लाख रही। वहीं तीन साल में डीमैट अकाउंट तीन गुना से ज्यादा हो गए। 2021 में इनकी संख्या 5.44 करोड़ थी, जो बढ़कर 16.96 करोड़ हो गई है। मेहता इक्विटीज के डायरेक्टर प्रशांत भंसाली ने कहा- अगले 12 महीनों में 20 करोड़ डीमैट अकाउंट तक पहुंचना संभव लगता है। बीते एक साल में 20 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 1 साल पहले यानी 28 अप्रैल 2023 को सेंसेक्स 61,112 अंक पर था जो अब यानी 28 अप्रैल 2024 को 73,730 अंक पर पहुंच है। एक्सपर्ट्स के अनुसार इसमें आने वाले दिनों में भी तेजी जारी रहने के आसार हैं।

NEWS IN Gallery

## मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुनर्मतदान

**इंफाल :** चुनाव आयोग ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें भी सामने आयी थीं।

## इंफाल में दो समुदायों के बीच फायरिंग

**इंफाल :** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गयी है। इंफाल पश्चिम जिले में रविवार सुबह जातीय संघर्ष से जूझ रहे दो समुदायों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब कई हथियारबंद लोगों ने कांगपोकपी जिले में निकटवर्ती पहाड़ियों से इंफाल घाटी में स्थित कौत्रू गांव पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस पर प्रतिद्वंद्वी जातीय समूहों के सदस्यों ने भी जवाबी कार्रवाई की। फायरिंग के कारण महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सहित ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर चले गये। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि फायरिंग में 'पम्पी' नामक देसी मोर्टार गोले का भी इस्तेमाल किया गया। इससे लोगों में दहशत व्याप्त हो गया। कथित तौर पर कुछ गोले ग्रामीणों के घरों की दीवारों में घुस गये, इससे दीवारें क्षतिग्रस्त हो गयीं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों की एक एक टुकड़ी क्षेत्र में पहुंच गयी है। घटना में अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है।

## चुनाव आयोग ने रोका 'आप' का कैंपेन सॉन्ग : आतिशी




**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने अपने पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी (आप) के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब वोट से देंगे' पर रोक लगा दी है। रविवार को जानकारी देते हुए दिल्ली की केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि यह पहली बार हुआ होगा कि किसी राजनीतिक पार्टी के 'कैंपेन सॉन्ग' पर चुनाव आयोग ने रोक लगायी है। हमारे कैंपेन सॉन्ग में कहीं पर भी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनावी आचार संहिता की रोज धज्जियां उड़ायी जा रही है। लेकिन, चुनाव आयोग उस पर कुछ नहीं करता। ईडी, सीबीआई का उपयोग कर-के विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जाता है तो उस पर चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है। लेकिन, जब आम आदमी पार्टी इस तथ्य को गाने में लिख देती है तो उससे दिक्कत होती है। वह कहते हैं कि 'जेल का जवाब वोट से देंगे' यह रूलिंग पार्टी और जांच एजेंसियों को 'पूअर लाइट' में दिखाता है।

### राजपूतों पर राहुल गांधी के बयान पर पीएम मोदी ने घेरा

# शहजादे में नवाबों के खिलाफ बोलने की ताकत नहीं : मोदी



### भाजपा ने कहा– माफी मांगे राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भाजपा ने राहुल गांधी पर महाराजाओं पर अपनी हालिया टिप्पणी से राजपूत समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने अपने एक्स अकाउंट से राहुल गांधी का एक वीडियो शेयर किया। साथ ही उन्होंने कहा - राहुल गांधी को इस आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए तुरंत राजपूत समाज से माफी मांगनी चाहिए। वीडियो में राहुल गांधी को यह कहते हुए सुना गया - जब राजा-महाराजाओं का राज था, जो भी वो चाहते थे कर देते थे। किसी की जमीन चाहिए होती थी तो उसे उठाकर ले जाते थे। कांग्रेस पार्टी और हमारे कार्यकर्ताओं ने देश की जनता के साथ मिलकर आजादी प्राप्त की, लोकतंत्र लाये और संविधान देश को दिलवाया। यह वीडियो कथित तौर पर कर्नाटक में एक लोकसभा चुनाव प्रचार रैली का था, जिसके दौरान राहुल गांधी ने यह टिप्पणी की थी।

एजेंसी

**बेंगलुरु :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी की राजपूत समाज पर की गयी टिप्पणी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने क्षत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान व्यक्ति का अपमान किया है।

उन्होंने कहा - कांग्रेस ने हमारी आजादी की लड़ाई को भी तुष्टिकरण के नजरिये से लिखवाया है। कांग्रेस के शहजादे ने क्षत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान व्यक्ति का अपमान किया है। राजाओं को अपमानित किया। भारत में जो अत्याचार सुल्तानों ने किये, निजामों ने किये, बादशाहों ने किये लेकिन आप राजाओं को अपमानित करते हो। कांग्रेस को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, ये उनके समर्थन करने वाली पार्टी के साथ गठबंधन करते हैं। इनको वो नवाब याद नहीं आये जिन्होंने भारत के विभाजन में भूमिका निभायी। कांग्रेस के शहजादे को नवाबों के खिलाफ एक शब्द बोलने की उनमें ताकत नहीं है। यही मानसिकता कांग्रेस के मैनिफेस्टो में भी दिखती है, जहां कांग्रेस आती है तो विकास रुक जाता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, जिसने हमारे सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा, अपवित्र किया। कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है। ये भूल गये, जिन्होंने हमारे तीर्थों को तहस-नहस किया, लूटपाट किया, गौ हत्याएं की। पीएम मोदी ने कहा - कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण को ही प्राथमिकता देती है, उनके लिये नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं है। उनको सिर्फ अपनी वोटबैंक की चिंता है। जब बेंगलुरु के कैफे में बम धमाका हुआ, तभी कांग्रेस ने गंभीरता से नहीं लिया। यही नहीं कांग्रेस ने वोट के लिए पीएफआई जो आतंकवाद को पनाह देने वाला देश विरोधी संगठन है, जिस पर मोदी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। कांग्रेस सिर्फ एक सीट वायनाड जीतने के लिए ऐसे पीएफआई आतंकी संगठन का बचाव करने में लगी है।

# दिल्ली में कन्हैया कुमार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक ओर अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया तो, दूसरी ओर कांग्रेस कार्यकर्ता कन्हैया कुमार के खिलाफ फिर खड़े हो गये हैं। दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पार्टी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली से किसी लोकल को ही कैंडिडेट बनाना चाहिए न कि किसी बाहरी को मौका देना चाहिए। ऐसा रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के पीछे की वजह आप के साथ गठबंधन के अलावा कन्हैया कुमार भी एक फैक्टर हैं।

कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है। दिल्ली में उसे तीन सीट मिली हैं। इसमें से एक सीट उत्तर पूर्वी दिल्ली की है, जहां से कन्हैया कुमार को टिकट मिला है। आलाकमान का यह फैसला अब लगता है उनपर ही भारी पड़ रहा है। कन्हैया की उम्मीदवारी के खिलाफ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौजपुर मेट्रो स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि हमें बाहरी पसंद नहीं है। उन्हें इस सीट से कोई लोकल कैंडिडेट चाहिए।

### दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने इस्तीफे की वजह भी बतायी है। इसमें उन्होंने कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस जिस पार्टी के खिलाफ थी, लोकसभा चुनाव के लिए उसी से हाथ मिला लिया। बताया यह भी जा रहा है कि उनकी दिल्ली कांग्रेस प्रभारी महासचिव दीपक बबरिया के साथ अनबन चल रही थी और इसी के चलते उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने का फैसला ले लिया। हालांकि, लवली ने कहा कि उन पर बाबरिया के खिलाफ असंतुष्ट नेताओं को बाहर निकालने का भारी दबाव था। उन्होंने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा - जब मुझे दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तब भी मुझे किसी भी सीनियर को नियुक्त करने की इजाजत नहीं थी। दिल्ली के प्रभारी सर्वसम्मत फैसलों पर भी रोक लगा देते थे। उन्होंने मैंने एक अनुभवी नेता को मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्त करने की अपील की लेकिन दिल्ली के प्रभारी नहीं माने।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर साधा निशाना

# पार्टी प्रत्याशी पर दर्ज मुकदमे को लेकर घेरा

एजेंसी



**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल से सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि संभल के लोग बीजेपी को सबसे बड़ी हार दिलाने जा रहे हैं। भाजपा सरकार की डबल इंजन सरकार के दौरान किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, युवाओं को नौकरी नहीं मिली। अब तो भाजपा नेताओं की भाषा ही बदल गयी है। ये भाषा हारने वालों की होती है। बलिया में सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने जो भी बातें कही है, किसी भाव में कह दी होगी।

मुकदमा तो उन पर भी दर्ज होना चाहिए, जो बड़े मंचों से बड़ी जगह से आकर संविधान, देश की गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। क्या चुनाव आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा? उन्होंने आगे कहा कि हमने पिछले चुनाव में देखा है कि बिजनौर, सहारनपुर और रामपुर में प्रशासन ने पुलिस लगाकर वोट को छीन लिया। अगर उन्होंने ये बात कही है तो उन्हें शक होगा, क्योंकि पिछली बार भी मामूली वोटों से उनको हराया गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि ये अच्छी बात है।

# भाजपा का प्रधानमंत्री तय, इंडी गठबंधन बताये अपना नेता : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी



**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों के गठबंधन के बगैर चेहरे के चुनाव लड़ने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय है, इंडी गठबंधन बताये कि उनका नेता कौन है। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के बेरजा में आयोजित जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री कौन बने, एक तरफ भाजपा है, जिसके प्रधानमंत्री तय हैं नरेंद्र मोदी। इंडी गठबंधन बताये, उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? सुनने में आया है कि ये लोग एक-एक साल के लिए पीएम बनायेंगे।

उन्होंने कहा - हमारे प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' भी पारित हो गया है। अब मंच पर भी बहनें बैठी दिखाई देंगी।' उन्होंने अपने शासनकाल में शुरू की गयी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा - बेटा-बेटी में भेद क्यों, एक ही मां की कोख से जन्म लेने के बाद बेटे और बेटी में भेद होता था। मैंने तय किया था कि बेटी को बोझ नहीं वरदान बनाऊंगा। आज 50 लाख लाडली लक्ष्मी मध्य प्रदेश में हैं। बेटी की शादी बोझ न रहे इसलिए कन्या विवाह योजना बनायी। मजदूर वर्ग की महिलाओं को बच्चे के जन्म के बाद आराम मिले, इसके लिये संबल योजना बनायी, जिससे गरीब गर्भवती बहनों को 16 हजार रुपये की मदद दी जाती है। उन्होंने आगे बताया - बहनों को सम्मान मिले, इसके लिये लाडली बहना योजना बनायी, घर में उनकी इज्जत पहले से ज्यादा बढ़ गयी। अगला कदम होगा लाडली बहना को लखपति बहन बनाना। किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। उन्होंने कांग्रेस की स्थिति पर तंज कसते हुए कहा - कांग्रेस में बचा क्या है? न दिल्ली में, न भोपाल में सरकार है। यह सब उलटे फैसलों के कारण हुआ है। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, आनंद का उत्सव था, लेकिन, कांग्रेस पार्टी रो रही थी। कांग्रेस की खोपड़ी पर मंथरा बैठ गयी। विनाशकाले विपरीत बुद्धि हो गयी। ये लोग निमंत्रण के बाद भी नहीं गये। कांग्रेस का मुहूर्त बिगड़ गया। जब तक धरती रहेगी, तब तक लिखा रहेगा कि कांग्रेस के लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गये।

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने की रामलला का दर्शन, बोलीं –

# धर्म व धैर्य की धरा पर आना पुण्य का फल

एजेंसी



**अयोध्या :** केंद्रीय मंत्री और अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने भगवान रामलला का दर्शन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का भी दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपालदास से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि आज मैं अपने आप को भाग्यशाली समझती हूं कि मैं ऐसे युग में जन्मी हूं, जब हमारे रामलला टेंट से भव्य मंदिर में आये हैं। मेरे जीवन के संचित पुण्य का फल है कि आज संतों का आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा कि हमारा मनोबल और आत्मबल बढ़ा है। संतों का आशीर्वाद हमेशा कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। राष्ट्र की प्रगति और वैभव के साथ प्रधानसेवक मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। स्मृति ईरानी ने कहा कि धर्म और धैर्य, निष्ठा और नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम की भव्य भूमि पर आना गौरव का विषय है। रामलला की करुणा हर मन को छू रही हैं। रामभक्तों का सबसे बढ़ा सौभाग्य है कि भगवान रामलला को हम भव्य मंदिर में देख पा रहे हैं।

# महल से निकलकर गरीबी देखें हिमाचल के शहजादे : कंगना

एजेंसी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने इशारों ही इशारों में राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। किन्नौर में जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि जैसे हम शहजादों को देखते हैं। वैसे ही एक शहजादे दिल्ली में हैं। बहुत बड़े माता-पिता की संतान हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम देखते हैं कि उत्तर प्रदेश के इनके साथ एक और शहजादे हैं। दिल्ली और यूपी के जैसे हिमाचल प्रदेश में भी एक शहजादे हैं। कभी वो महलों से निकलकर देखें तो उन्हें पता चलेगा कि गरीबी क्या होती है और उनकी मजबूरियां क्या होती हैं। दरअसल, कंगना रनौत का इशारा उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह की तरफ था। कंगना रनौत ने आगे कहा कि मुझे दौलत, शोहरत, काम की कमी या मीडिया का अटेंशन यहां खींचकर नहीं लाया है। बाप-दादाओं की दी हुई सियासत की जागीर, हमें यहां लेकर नहीं आयी है। अपने देश और मातृभूमि के प्रति प्यार और हिमाचल के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति हमें यहां लेकर आया है।

## 602 करोड़ की ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

**पोरबंदर :** गुजरात के पोरबंदर के निकट अरब सागर से आई ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की है। सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की रात अरब सागर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तान नाव को पकड़ा है। नाव से 86 किलो ड्रग्स बरामद हुआ। बाजार में इसकी कीमत करीब 602 करोड़ रुपये आंकी गयी है। सुरक्षाकर्मियों ने नाव पर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। इन पाकिस्तानियों को पोरबंदर लाकर पूछताछ की जा रही है। इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध एक पाकिस्तानी नाव का पकड़ लिया।

लोस चुनाव

### अखिलेश यादव के बार-बार प्रत्याशी बदलने पर सीएम योगी ने ली चुटकी, बोले -

# देश के सर्वोच्च चुनाव को सपा ने बना दिया मजाक

एजेंसी

**बदायूं :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बदायूं लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने अखिलेश यादव के बार-बार प्रत्याशी बदलने पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा - लोकसभा का चुनाव चल रहा है। लोकसभा का चुनाव देश की सर्वोच्च पंचायत का चुनाव है, लेकिन इस चुनाव को भी समाजवादी पार्टी ने मजाक का विषय बना दिया है। मैदान में अखाड़ा सजाने से पहले ही समाजवादी पार्टी अपना प्रत्याशी बदल चुकी है। जनता जनार्दन कह चुकी है कि ये प्रत्याशी बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। पुराना जो भी लेखा-जोखा समाजवादी पार्टी का है उसे जनता फिर से करने वाली है।

### बीजेपी ने संघमित्रा का टिकट काट दुर्विजय को बनाया है प्रत्याशी



**भाजपा** ने बदायूं से मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्या का टिकट काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। दुर्विजय सिंह शाक्य ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से राजनीतिक शुरुआत की थी। वे अच्छे संगठन कार्यकर्ता और कुशल रणनीतिकार माने जाते हैं। वे मूल रूप से संघ विचारधारा के साथ लंबे समय से राजनीति कर रहे हैं। इसलिए भाजपा ने उन पर विश्वास जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने बदायूं लोकसभा सीट पर तीन बार अपने उम्मीदवार बदल चुकी है। पहले धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला। इसके कुछ दिन बाद धर्मेंद्र यादव का टिकट काटकर चाचा शिवपाल सिंह यादव को बदायूं से उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। टिकट तय होने के बाद शिवपाल सिंह यादव ने अपने बेटे आदित्य के साथ बदायूं आकर चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया, लेकिन उनका यह चुनावी अभियान बेटे के पक्ष में माहौल बनाने का था। शिवपाल अपने बेटे को भी राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। इसलिए एक बार फिर अखिलेश यादव को बदायूं में प्रत्याशी बदलना पड़ा। अब शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव चुनावी मैदान में हैं। इसी को लेकर बदायूं में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा पर निशाना साधा और बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की।

## छत्तीसगढ़ : वोट देने पर मतदाताओं को मिलेगी आकर्षक छूट

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स राज्य में चुनाव के दौरान वोट का प्रतिशत बढ़ाने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की दिशा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। साथ ही शहरी मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने का भी प्रयास किया जायेगा। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अलग-अलग व्यापारिक समूह अपने उत्पादों में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए छूट देने की घोषणा की गयी।

